


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 201

ग्वालियर, सोमवार, 11 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





# दिल्ली में अप्रैल के पहले पखवाड़े में ही गर्मी का 72 साल का रिकार्ड टूटा

■ दिल्ली में लोग लू के थपेड़ों से परेशान, औसत अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री पहुंचा

■ मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में अगले दो दिनों में तापमान और बढ़ने के आसार

**नई दिल्ली।** प्रचंड गर्मी और लू की वजह से दिल्ली में तापमान में बढ़ोतरी होती जा रही है। अप्रैल के पहले पखवाड़े में ही गर्म हवा के थपेड़ों से लोग परेशान हैं। स्थिति यह है कि शनिवार को दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस अधिक है। ऐसे में अप्रैल के पहले पखवाड़े में ही गर्मी का 72 साल का रिकार्ड टूट गया। बता दें कि अप्रैल में सर्वाधिक अधिकतम तापमान वर्ष 1941 में दर्ज किया गया था। उस वर्ष 29 अप्रैल को अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस था। वहीं, दिल्ली के कई इलाकों में शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। स्काईमेट वेदर के



मुताबिक र?विवार को राजस्थान के कई हिस्सों में भीषण लू तथा बाकी हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान, पंजाब के कुछ हिस्सों, दक्षिण हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और सौराष्ट्र और कच्छ के कुछ हिस्सों में गंभीर लू की स्थिति के साथ कई हिस्सों में लू की स्थिति संभव है। हिमाचल प्रदेश, झारखंड, बिहार और गुजरात के उत्तरी भाग और विदर्भ के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति संभव है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार और सोमवार को भी दिल्ली लू की चपेट में रहेगी। मौसम विभाग ने रविवार के लिए आरेंज अलर्ट भी जारी किया है यानी भीषण लू चलेगी। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सोमवार के बाद तीन दिन आकाश में बादल छाए रहेंगे। इससे लू से थोड़ी राहत मिलेगी, लेकिन बारिश होने की उम्मीद नहीं है। 15 अप्रैल से दोबारा आकाश साफ होगा और गर्मी बढ़ेगी। बताया जा रहा है ?कि वर्ष 1951 से 2022 के बीच अप्रैल के पहले पखवाड़े में पहली बार औसत अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा है। इसलिए 72 साल में अप्रैल के पहले पखवाड़े में इतनी गर्मी कभी नहीं पड़ी। इससे पहले वर्ष 2010 में अप्रैल के पहले पखवाड़े और इस बार आठ अप्रैल को गर्मी अधिक थी।

## मायावती का राहुल गांधी पर पलटवार अपने गिरेबान में झांकने की दी नसीहत

**नई दिल्ली।** बसपा प्रमुख मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। मायावती ने कहा कि राहुल गांधी ने यूपी में विधानसभा चुनाव लड़ा ही नहीं। उन्होंने कहा कि वह अपने बिखरे घर



को तो संभाल नहीं पा रहे है। हम पर कटाक्ष कर रहे हैं। रविववार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मायावती ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से घिनौने हाथकंडे अपना रही है। मायावती ने राहुल गांधी को नसीहतें देते हुए कहा कि उन्हें अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है। उन्हें बोलने से पहले 100 बार सोचना चाहिए। मायावती ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय तक देश पर राज किया पर दलित और शोषित के लिए कुछ नहीं किया। राजीव गांधी ने भी बीएसपी को बदनाम करने की कोशिश की थी। कांशीराम को सीआईए का एजेंट बताया था। मायावती ने कहा कि अब उन्हीं की राह पर चलकर उनके बेटे भी इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। मायावती ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि दलितों के आर्थिक विकास का पैसा दूसरे मदों में खर्च कर दिया।

## अनंतनाग-कुपवाड़ा के बाद श्रीनगर में आतंकवाद पर सेना का प्रहार, 2 दहशतगर्द ढेर

**जम्मू।** श्रीनगर में जवानों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में 2 आतंकी ढेर हो गए हैं। कश्मीर जोन पुलिस ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि, मुठभेड़ शुरू हो चुकी है और अभी ऑपरेशन जारी है। उन्होंने ये भी बताया



कि मौके पर पुलिस और सीआरपीएफ की टीम तैनात है। वहीं, अनंतनाग जिले के सिरहामा इलाके में शनिवार को हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी कमांडर मारा गया जबकि कुलगाम में दूसरे ऑपरेशन में आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहे। आईजीपी विजय कुमार ने कहा कि रेडवानी बाला कुलगाम निवासी लश्कर कमांडर निसार अहमद डार, सिरहामा में मारा गया है। वह क्षेत्र में कई अपराधों और हत्याओं में शामिल था। 6 मई 2021 से एक्टिव था। इससे पहले पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने सिरहामा में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था और तलाशी के दौरान जैसे ही संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान पर पहुंची छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चला दीं, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि दूसरे ऑपरेशन में दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के दमहल हंजीपोरा के चाकी समद गांव में सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम के साथ एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भागने में सफल रहे।

# इतिहास नहीं बना पाए इमरान, बल्कि जाते-जाते शर्मनाक रिकॉर्ड कर गए नाम


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे हाईवोल्टेज ड्रामा समाप्त हो गया है। आखिरकार इमरान खान को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के पद से हटा दिया गया। शनिवार 9 अप्रैल को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में इमरान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई। 342 सदस्यों वाली नेशनल असेंबली में इमरान सरकार गिराने के लिए विपक्ष को 172 वोट की जरूरत थी। प्रस्ताव के समर्थन में 174 सदस्यों का साथ मिल गया और इमरान खान की सरकार गिर गई। पाकिस्तान के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो भारत से अलग होने के बाद वहां अब तक 22 प्रधानमंत्री बन चुके हैं लेकिन आज तक कोई भी प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका। इमरान खान ने भी इस रिकॉर्ड को बरकरार रखा और वो भी इतिहास नहीं बना पाए। इतना ही नहीं, जाते-जाते इमरान खान एक नया शर्मनाक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर गए। इमरान खान पहले ऐसे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बन गए हैं, जिनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हुआ और उन्हें कुर्सी छोड़नी पड़ी। इमरान खान लगातार अविश्वास प्रस्ताव को टालने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद विपक्ष सुप्रीम कोर्ट की शरण में पहुंच गया। कोर्ट ने इमरान सरकार को झटका देते हुए डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी के फैसले को पलट दिया और 9 अप्रैल को नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग कराने का आदेश दिया लेकिन 9 अप्रैल को भी राजनीतिक



उथलपुथल जारी रही और स्पीकर असद कैसर ने नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग कराने से साफ इनकार कर दिया । कैसर ने कहा कि वह वोटिंग कराकर इमरान के साथ थोखा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह कोई भी सजा भुगतने को तैयार हैं। स्पीकर ने कहा कि उनका इमरान खान के साथ 30 साल का रिश्ता है, इसलिए, वह उन्हें बाहर करने के लिए मतदान की अनुमति नहीं दे सकते। पाकिस्तान नेशनल असेंबली के स्पीकर असद कैसर और डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी ने वोटिंग से बचने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद नेशनल असेंबली में सांसद अयाज सादिक को स्पीकर का चार्ज दिया गया और फिर अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई। इमरान खान की पार्टी के सभी सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इमरान तो असेंबली में मौजूद ही नहीं रहे। विपक्ष को 174 सदस्यों का समर्थन मिला। अब शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।


### पाकिस्तान के अगले प्रधानमंत्री की रेस में सबसे आगे शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इमरान खान सरकार के पतन के बाद सियासी उथल-पुथल के बीच सबसे ज्यादा चर्चा में विपक्षी नेता शहबाज शरीफ



हैं। संभावना जताई जा रही है कि अगर खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव बहुमत से पास होने के बाद शरीफ उनकी जगह लेंगे। नेशनल असेंबली में 174 सदस्यों ने खान के खिलाफ वोट कर सत्ता से बाहर किया। खास बात है कि पाकिस्तान में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता गंवाने वाले इमरान पहले प्रधानमंत्री हैं। 70 वर्षीय शहबाज शरीफ पाकिस्तान के तीन बार के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई हैं। उन्हें प्रशासनिक स्तर पर काम करने के खास तरीके के लिए जाना जाता है। पंजाब का मुख्यमंत्री रहते हुए शरीफ ने कई बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की योजना बनाई और उन्हें हकीकत बनाया है। इनमें लाहौर स्थित पाकिस्तान का पहला आधुनिक परिवहन व्यवस्था भी शामिल है। खास बात है कि अपने भाई नवाज के विपरीत शहबाज को सेना के साथ अच्छे रिश्ते रखने के लिए भी जाना जाता है।

## रूसी हमले के बीच अचानक यूक्रेन पहुंचे जॉनसन, जेलेंस्की के साथ कीव की सड़कों पर घूमकर लिया हालात का जायजा



**कीव।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन अचानक रूस का हमला झेल रहे यूक्रेन पहुंच गए। अपनी इस औचक यात्रा के दौरान वह कीव की सड़कों पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ घूमते हुए दिखे। यूक्रेन की सरकार द्वारा शेयर किए गए दो मिनट से अधिक लंबे वीडियो में दोनों नेताओं को स्नाइपर्स और अन्य सुरक्षा के बीच सड़कों पर घूमते हुए देखा जा सकता है। कीव के मुख्य क्रेशचैटिक सड़क से मैदान स्क्वायर जाते समय दोनों राहगीरों का अभिवादन करते हैं। राहगीरों में से एक यूक्रेन की राजधानी में ब्रिटिश नेता को देखकर भावुक दिखाई दे रहा था। उसने कहा हमें आपकी ज़रूरत है। जॉनसन ने भी उसका जवाब दिया। ब्रिटिश पीएम बोले आपसे मिलकर अच्छा लगा। हमें मदद करने का सौभाग्य मिला है। आपके पास एक अच्छे राष्ट्रपति मिस्टर ज़ेलेंस्की हैं। 24 फरवरी को रूस द्वारा आक्रमण शुरू करने के बाद से किसी जी-7 नेता की यह पहली यात्रा थी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने 120 बख्तरबंद वाहनों और नई एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम का वादा किया है। उन्होंने विश्व बैंक के ऋण में अतिरिक्त 500 मिलियन डॉलर की भी पुष्टि की है। इससे यूके की कुल ऋण गारंटी एक अरब डॉलर तक पहुंच गई है। आपको बता दें कि इस रूसी आक्रमण से लाखों यूक्रेनियन विस्थापित हो गए हैं।

## मुझे खुशी है कि पीएम किसान सम्मान निधि और उससे जुड़ी योजनाएं करोड़ों किसानों को दे रही नई ताकत : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश को हमारे किसानों पर गर्व है। वे जितने मजबूत होंगे, नया भारत उतना ही समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि और कृषि से जुड़ी अन्य योजनाएं हमारे देश के करोड़ों किसानों को नई ताकत दे रही हैं। उन्होंने किसानों की ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि जब किसान मजबूत होंगे तो देश समृद्ध होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, देश को हमारे किसानों पर गर्व है। वे जितने मजबूत होंगे, नया भारत उतना ही समृद्ध होगा। मुझे खुशी है कि पीएम किसान सम्मान निधि और कृषि से जुड़ी अन्य योजनाएं करोड़ों किसानों को नई ताकत दे रही हैं। प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं की जानकारी साझा की। जानकारी के अनुसार, 11.3 करोड़ किसानों के बैंक खातों में सीधे 1.82 लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत सभी किसानों के लिए 6,000 रुपये की वार्षिक सहायता और कोरोना महामारी के दौरान 1,30 लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए, जिससे विशेष रूप से छोटे किसानों को फायदा हुआ। कृषि बुनियादी ढांचा के लिए 11,632 परियोजनाओं के लिए 8,585 करोड़ रुपये के ऋण को मंजूरी दी गई है।

## अमित शाह के इंग्लिश की जगह हिंदी बोलने के आह्वान पर भड़के प्रकाश राज, कहा हिंदी को थोपना बंद कीजिए



**मुंबई।** गृहमंत्री अमित शाह ने अपने एक बयान में कहा था कि गैर हिंदी भाषी राज्यों के लोगों को इंग्लिश की बजाय हिंदी बोलनी चाहिए। इस पर म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान के बाद मशहूर अभिनेता प्रकाश राज ने भी तीखी प्रतिक्रिया की है। गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में कहा था कि हिंदी को इंग्लिश के विकल्प के तौर पर लिया जाना चाहिए। म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान के बाद अब कई भाषाओं की फिल्मों में काम कर चुके प्रकाश राज ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया की। प्रकाश राज ने अमित शाह के बयान की एक क्लिप शेयर करते हुए ट्वीट में लिखा, घर को तोड़ने की कोशिश मत कीजिए। हम आपको चेतावनी देते हैं हिंदी को थोपना बंद कीजिए। हम अपनी विविधता से प्यार करते हैं। हम अपनी मातृभाषा से प्यार करते हैं। हम अपनी पहचान से प्यार करते हैं। केवल पूछ रहा हूं। वैसे बता दें कि भले ही प्रकाश राज की मातृभाषा कन्नड़ है लेकिन उन्होंने साउथ में तेलुगू, तमिल भाषा के अलावा हिंदी फिल्मों में भी काम किया है।

## अमेठी से कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों की जमानत जब्त कराकर प्रियंका गांधी ने इतिहास रच दिया : स्मृति ईरानी

**रायबरेली।** पिछले महीने संपन्न विधानसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस की करारी पराजय पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने कि एक तरह से उन्होंने इतिहास रच दिया जब हाल के विधानसभा चुनाव में अमेठी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के तीन उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांग्रेस पार्टी का पारंपरिक गढ़ माना जाता है, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराकर यह सीट जीतने वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को प्रियंका का बिना नाम लिए कहा, '2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने अमेठी संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों की जमानत जब्त कराकर



इतिहास रच दिया, इसके लिए मेरी बधाई। उत्तर प्रदेश स्थानीय प्राधिकारण निर्वाचन क्षेत्र से होने वाले विधान परिषद चुनाव में शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र में वोट डालने पहुंची ईरानी ने संवाददाताओं से कहा, 'आप देखिए, 2019 के चुनावों में कांग्रेस को लगभग 4 लाख वोट मिले, लेकिन 2022 में यह एक लाख के करीब आ गया।% इससे पहले जिले के छतोह विकास खंड के परैया नमकसार पहुंचकर ईरानी ने अष्टमी पर कन्या पूजन में हिस्सा लिया और बाद में किठावा गांव में लोगों से मुलाकात करके उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने कहा कि वह आठ साल पहले अष्टमी के दिन पहली बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में यहां आई थीं और आज उन्हें भाजपा प्रत्याशी (विधान परिषद में) के लिए एक बार फिर आने का मौका मिला है। राजनीतिक दलों में कांग्रेस ने सबसे लंबे समय तक उत्तर प्रदेश में शासन किया है, लेकिन वह तीन दशकों से सत्ता से बाहर है। हाल में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रचार अभियान का नेतृत्व प्रियंका गांधी वाड्रा ने किया लेकिन कांग्रेस का प्रदर्शन पहले से भी खराब रहा।

## पुनर्वास से पहले नहीं हटेगी गरीब की झोपड़ी : योगी

### गोरखपुर में सीएम का ऐलान

**गोरखपुर।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे की जनता को विश्वास दिलाया है कि पुनर्वास से पहले गरीब की झोपड़ी नहीं हटाई जाएगी। अगर किसी गरीब की झोपड़ी सरकारी जमीन पर है तो पहले उसे पुनर्वासित किया जाएगा, फिर भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। सरकार गरीबों के प्रति संवेदनशील है। अधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है किसी भी गरीब की झोपड़ी तब तक न हटाएं, जब तक उसे आवास न उपलब्ध करा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में पत्रकारों से कहा कि यदि भूमि अनारक्षित श्रेणी की होगी तो गरीब को



वही जमीन पट्टे में दे दी जाएगी। भूमि के आरक्षित श्रेणी का होने पर उसे अन्यत्र आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार स्ट्रीट वेंडर के सुव्यवस्थित पुनर्वास के भी निर्देश दिए गए हैं। उनके रोजगार के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं अन्य तरीके से व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स की कार्रवाई पेशेवर माफिया के लिए है, न कि गरीबों के लिए। प्रदेश में माफिया के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति जारी रहेगी। पेशेवर माफिया व अपराधी सत्ता का संरक्षण प्राप्त कर सरकारी, सार्वजनिक, गरीबों व व्यापारियों की जमीन पर कब्जा करते थे। इसके विरुद्ध एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया। अबतक पेशेवर माफिया से 2500 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। औद्योगिक क्षेत्र एवं उद्यमियों की समस्याओं को लेकर चैंबर आफ इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

## खास खबर

### जम्मू और कश्मीर एसआईए अलर्ट दिल्ली, हरियाणा समेत कई जगह मारे छापे

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने टेरर फंडिंग मामले में रविवार को दिल्ली समेत कई स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। खबर है कि एसआईए ने राष्ट्रीय राजधानी में जैश-ए-मोहम्मद के ऑन ग्राउंड वर्कर्स की गतिविधियों के खिलाफ सूचना पर ये कार्रवाई की है। शुक्रवार को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने जम्मू और कश्मीर में आतंकी साजिश मामले में 25 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। यह मामला अल्पसंख्यको, नागरिकों, प्रवासियों, सरकारी अधिकारियों और सुरक्षा जवानों की हत्याओं से जुड़ा हुआ है। दिल्ली, हरियाणा और कश्मीर में टेरर फंडिंग मामले में रेड की। हाल ही में गठित एसआईए की अलग-अलग टीमें दिल्ली की पांच, हरियाणा और फरीदाबाद की एक और कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक स्थान पर आतंकवाद से जुड़े मामलों में तलाशी कर रही है। सूत्रों के अनुसार, एसआईए ने जिन स्थानों पर रेड की है, वे संदिग्ध आरोपी के हैं, जो आतंकी गतिविधियों और हवाला या आतंकियों को टेरर फंडिंग में शामिल रहा है। पता चला है कि एसआईए ने उन स्थानों पर रेड की है जहां उन्हें जैश-ए-मोहम्मद और अन्य आतंकी संगठनों के समर्थकों के ओजीडब्ल्यूएस की गतिविधियों के बारे में जानकारी मिली थी। फरवरी 2022 में एसआईए ने दक्षिण और मध्य कश्मीर में जैश के 10 ओजीडब्ल्यूएस को गिरफ्तार किया था। खास बात है कि मॉड्यूल के सदस्यों को इस तरह से बांटा गया था कि अगर एक सदस्य की पहचान हो भी जाती है, तो बड़ा नेटवर्क इससे प्रभावित नहीं होगा।

### लद्दाख में भीषण हादसा निर्माणाधीन पुल ढहने से 4 मजदूरों की गई जान

**नई दिल्ली।** लद्दाख के नुब्रा उपमंडल में शनिवार को ढहे एक निर्माणाधीन पुल के मलबे से चार कर्मियों के शव बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लेह जिले के दिस्कित गांव के पास निर्माणाधीन शतसे तकना पुल का एक हिस्सा शनिवार शाम करीब चार बजे तेज हवाओं के कारण ढह गया था और इसके मलबे में छह मजदूर फंस गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, 12 घंटे तक चले संयुक्त बचाव अभियान के बाद घटनास्थल से चार मजदूरों के शव बरामद किए गए और दो अन्य को बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि बचाए गए दोनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की पहचान जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के राज कुमार और वरिंदर, छत्तीसगढ़ के मंजीत तथा पंजाब के लव कुमार के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि घायलों में राजौरी के कोकी कुमार और छत्तीसगढ़ के राजकुमार शामिल हैं। लद्दाख के उपराज्यपाल आरके माथुर ने बचाव अभियान की निगरानी की। उन्होंने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। घटना के तत्काल बाद सेना की स्थानीय 102 ब्रिगेड, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की विजयक परियोजना और लेह स्थित वायुसेना स्टेशन से भेजी गई परिचालनात्मक मदद से बचाव अभियान शुरू किया गया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि लद्दाख के मंडलीय आयुक्त सौगत बिस्वास ने अभियान में शामिल सभी एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित किया।

### देशभर में कोरोना के 1054 नए मामले 29 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 1,054 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,30,35,271 हो गई, जबकि 29 और लोगों की मौत से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,21,685 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 11,132 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.03 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 233 की कमी आई।

### टेरर फंडिंग को लेकर जम्मू कश्मीर की एसआईए ने दिल्ली में की छापेमारी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कई स्थानों पर आतंकी फंडिंग मामले में छापेमारी की। एसआईए का गठन पिछले साल नवंबर में उग्रवाद और अलगाव से जुड़े मामलों की जांच करने, राष्ट्रीय जांच एजेंसी और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए किया गया था। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी आतंकी फंडिंग से जुड़े एक मामले में कुछ ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) का पीछा कर रही थी और उनका पीछा करते हुए एसआईए के अधिकारियों ने दिल्ली में कम से कम पांच स्थानों पर कई तलाशी लीं। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद और जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में भी छापेमारी की जा रही है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### गेंदबाज को मैच के दौरान मिली बहन की मौत की खबर, लीग छोड़कर घर लौटे

**नई दिल्ली.** आईपीएल 2022 में शनिवार को हुए दूसरे मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने मुंबई इंडियंस को हरा दिया. लेकिन इस मैच के बीच ही आरसीबी के स्टार गेंदबाज हर्षल पटेल को दिल तोड़ देने वाली खबर मिली. उनकी बहन का निधन हो गया. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, बहन के निधन की खबर मिलते ही हर्षल मैच खत्म करते ही घर लौट गए. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वो एक दिन के लिए घर गए हैं और उनके चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम से जुड़ने की संभावना है. हालांकि, वो टीम के बायो-बबल से बाहर गए हैं. हालांकि, वापसी के बाद उन्हें कितने दिन क्वारंटीन होना पड़ेगा, यह अभी साफ नहीं है। हर्षल पटेल ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया था. उन्होंने मैच में 4 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए. आईपीएल से जुड़े एक सूत्र ने कहा, फ्रदुर्भाग्य से, हर्षल को अपने परिवार में निधन के कारण बायो-बबल छोड़ना पड़ा था. वह 12 अप्रैल को सीएसके के खिलाफ अगले मैच से पहले बायो-बबल में शामिल होंगे।

### पृथ्वी शॉ को कप्तान बनाना दिला सकता है बंपर पॉइंट्स




मुंबई। आईपीएल के 15वें सीजन का 19वां मुकाबला आज कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। यह मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में दोपहर 3=30 बजे से खेला जाएगा। 2 बार की IPL विजेता KKR अपने पहले खिताब की तलाश में लगी DC से भिड़ेगी। ऐसे में आज पहली जीत के लिए दोनों ही टीमें जी-जान लगा देंगी। इस बड़े मुकाबले की शुरुआत से पहले आइए जानते हैं कि किन खिलाड़ियों को अधिक से अधिक पॉइंट्स जीतने के लिए फैंटेसी इलेवन की टीम में शामिल किया जा सकता है। ऋषभ पंत को फैंटेसी टीम के इकलौते विकेटकीपर के तौर पर चुना जा सकता है। पंत ने कोलकाता के खिलाफ 12 मुकाबलों में 139 की स्ट्राइक रेट से 274 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 28 चौके और 10 छक्के निकले हैं। आईपीएल15 में भी पंत अच्छे टच में दिखे हैं और ऐसे में आज उनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। दिलचस्प है कि श्रेयस अय्यर ने ऋषभ को कप्तानी सौंपे जाने के कारण ही दिल्ली की टीम छोड़ी थी। ऐसे में पंत अपनी कप्तानी को श्रेयस से बेहतर साबित करना चाहेंगे।

# लखनऊ से राजस्थान रॉयल्स की हुई भिड़ंत

## बटलर की फॉर्म बढ़ा सकती है सुपर जायंट्स की टेंशन, रॉयल्स को भी केएल राहुल से रहना होगा सावधान

नईदिल्ली। आज रविवार के डबल हेडर में दिन का दूसरा मुकाबला शाम 7.30 बजे से राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच वानखेड़े स्टेडियम में होगा। दोनों टीमें टूर्नामेंट की सबसे बैलेंस्ड टीमों में से रही हैं ,इसलिए मुकाबला रोचक होने की पूरी उम्मीद है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से चार विकेट से हारने के बावजूद, राजस्थान रॉयल्स को कमतर नहीं आंका जा सकता। लखनऊ दिल्ली जैसी मजबूत टीम को धूल चटा कर इस मुकाबले के लिए पहुंची है। केएल राहुल की कप्तानी में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस को क्रमश= 61 रन और 23 रन से हराकर अपने तीन में से दो मैच जीते हैं।




### राजस्थान एक और विदेशी प्लेयर पर खेल सकता है दांव

जोस बटलर का फॉर्म में होना राजस्थान के लिए एक बड़ा प्लस पॉइंट है क्योंकि उन्होंने दो मौकों पर टीम को बड़ा स्कोर बनाने में मदद की है। देवदत्त पडिक्कल से मध्य क्रम में चमकने की उम्मीद नहीं थी क्योंकि वह मूल रूप से एक सलामी बल्लेबाज हैं, लेकिन उन्होंने अब तक मिडिल ऑर्डर में अच्छा प्रदर्शन किया है। संजू सैमसन और शिमरोन हेटमायर भी तूफानी फॉर्म में लग रहे हैं। राजस्थान की प्रमुख चिंता गेंदबाजी को लेकर है। नवदीप सैनी पिछले कुछ मुकाबलों से महंगे साबित हुए हैं। रियान पराग छठे नंबर पर बैटिंग के लिए टीम में रखे गए हैं पर बॉलिंग नहीं कर रहे हैं। यह तब है जब राजस्थान सिर्फ तीन विदेशी खिलाड़ियों जोश बटलर, शिमरोन हेटमायर और ट्रेंट बोल्ट के साथ खेल रहा है। वे अपने इलेवन को मजबूत करने के लिए जिमी नीशम जैसे हरफनमौला खिलाड़ी को आसानी से रख सकते हैं। टीम के पास ओबेद मैककॉय के जरिए बॉलिंग या रासी वैन डेर डूसन को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने के विकल्प भी हैं। इस मामले में राजस्थान के कोच कुमार संगाकारा को जल्दी कोई निर्णय लेना चाहिए।

### उम्मीदों से बढ़कर खेल रही है लखनऊ

टूर्नामेंट शुरू होते समय लखनऊ सुपर जायंट्स प्रतियोगिता की सबसे मजबूत टीमों में शुमार नहीं की जा रही थी। हालांकि, अब वह निश्चित रूप से एक मजबूत यूनिट की तरह खेल रही है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने पहले मैच में करीबी हार के बाद लखनऊ ने अपने अगले तीन मैच जीते हैं। उन्होंने पहले चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हराया और फिर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 12 रन से जीत दर्ज की। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम की छह विकेट से जीत भी काफी प्रभावशाली रही थी। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए क्विंटन डी कॉक, केएल राहुल, आयुष बडोनी और दीपक हुड्डा रनों की बौछार कर रहे हैं, जबकि आवेश खान और रवि बिश्नोई ने गेंद से शानदार काम किया है। जेसन होल्डर के शामिल होने से टीम का बैलेंस काफी बेहतर हो गया है। वह गेंदबाजी और बल्लेबाजी से खेल का रुख बदल सकते हैं।

# अनुज रावत ने मुंबई के खिलाफ जड़े छह गगनचुंबी छक्के

**मुंबई।** आईपीएल 2022 में शनिवार को बेंगलुरु और मुंबई के खिलाफ खेले गए मुकाबले में अनुज रावत का बल्ला जमकर बोला। उन्होंने 47 गेंद में 66 रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 6 छक्के और 2 चौके निकले। उनका स्ट्राइक रेट 140.42 का रहा। 22 साल के इस बल्लेबाज ने अपनी खतरनाक बल्लेबाजी से किसी भी गेंदबाज को नहीं छोड़ा।



सलामी बल्लेबाज अनुज ने ऋष्टक्ककी पारी का पहला छक्का जयदेव उनादकट को लगाया, जयदेव की लेंथ गेंद को अनुज ने मिड ऑफ के ऊपर से बांउड्री के बाहर भेज दिया। 1.5= उनादकट की अगली गेंद पर ही अनुज ने एक और दमदार शॉट खेला। गेंद लांग ऑन की ओर बांउड्री के पार गई। 22 साल के इस बल्लेबाज के बल्ले से इस छक्के को देख सबके होश उड़ गए। 6.1= मुरुगन अश्विन ने अनुज को फुल टॉस गेंद लेग स्टंप पर फेकी, इसके बाद उन्होंने कमाल का स्विप शॉट खेलते हुए गेंद को स्क्वायर लेग के बांउड्री के बाहर भेज दिया। 11.5= मैच में शानदार गेंदबाजी कर रहे थंपी कि गेंद पर अनुज ने कमाल का हेलीकॉप्टर शॉट खेला, उन्हें देख युवा माही की याद आ गई। गेंद फाइन लेग की दिशा में बांउड्री के पार गई। 15.5= पोलार्ड की लेंथ गेंद को अनुज ने डीप स्क्वायर लेग के ऊपर से बाउंड्री के बाहर भेज दिया, गेंद अनुज के स्लॉट में थी। 16.2= अनुज ने अपनी पारी का 6वां छक्का जयदेव उनादकत की लेंथ गेंद पर लगाया, गेंद अनुज के स्लॉट में थी और उसे उन्होंने लांग ऑन बांउड्री के बाहर भेज दिया।

अनुज रावत और विराट कोहली ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। दोनों खिलाड़ियों ने मुंबई के गेंदबाजों की जमकर क्लास लगाई। 17वें ओवर की आखिरी गेंद पर अनुज रावत रन आउट होकर पवेलियन लौटे और ये साझेदारी टूट गई, लेकिन तब तक ये मुकाबला ऋष्टक्क के पाले में चला गया

# सचिन ने रोस टेलर को क्रिकेट का राजदूत बताया

**मुंबई** । न्यूजीलैंड के स्टार क्रिकेटर रोस टेलर ने अपना आखिरी इंटरनेशनल क्रिकेट खेला। तीनों प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी को महान सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट कर क्रिकेट का राजदूत करार दिया था। रोस टेलर ने सचिन तेंदुलकर का हिंदी में शुक्रिया अदा कर लिखा, शुक्रिया सचिन भाई! आपसे मिली तारीफ के लिए। मेरे पसंदीदा खिलाड़ी से यह संदेश प्राप्त करना मेरे लिए बड़ा सम्मान है। सचिन ने अपने ट्वीट में टेलर को क्रिकेट का राजदूत बताकर लिखा था, आप खेल के एक महान ब्रांड एम्बेसडर रहे हैं। आपके खिलाफ खेलना शानदार रहा। जिस तरह से आपने वर्षों से खुद को फिट रखा, वह क्रिकेटर बनने के इच्छुक सभी बच्चों के लिए एक प्रेरणा है। शानदार करियर के लिए हार्दिक बधाई।



उल्लेखनीय है कि रोस टेलर ने नीदरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड की तरफ से अपना आखिरी मैच खेला, जिसमें टेलर ने 14 रन बनाए। टेलर का यह न्यूजीलैंड के लिए 450वां और आखिरी मैच था, जिससे उनके 16 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का भी अंत हो गया। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने इस साल के शुरू में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था लेकिन वह अपने घरेलू मैदान सेडन पार्क पर अंतिम मैच खेलकर क्रिकेट को अलविदा कहना चाहते थे। राष्ट्रगान के दौरान टेलर के बच्चे मैकेंजी, जोंटी और एडिलेड उनके साथ खड़े थे। जब वह मैदान पर उतरे और वापस लौटे, तब नीदरलैंड के खिलाड़ियों ने उनके दोनों तरफ खड़े होकर उन्हें सम्मान दिया। टेलर ने 2006 में न्यूजीलैंड के लिए अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। इसके अगले वर्ष उन्होंने अपना पहला टेस्ट खेला। उन्होंने 112 टेस्ट मैचों में 19 शतकों की मदद से 7,683 रन बनाए।

## व्यापार न्यूज

### इंडियन ओवरसीज बैंक ने FD की ब्याज दरों में की कटौती,

**नईदिल्ली।** सरकारी बैंक इंडियन ओवरसीज ने स्न्रष्ठ पर मिलने वाले ब्याज में कटौती की है। बैंक ने ब्याज दरों में 0.40त्न तक की कटौती की है। नई दरें 11 अप्रैल से लागू होंगी। इससे पहले हाल ही में पंजाब नेशनल बैंक ने अपने बचत खातों पर मिलने वाले ब्याज में कटौती की है।
पंजाब नेशनल बैंक ने अपने बचत खातों पर मिलने वाले ब्याज में कटौती की है। अब 10 लाख रुपए से कम बैलेंस वाले बैंक खातों के लिए ब्याज दरों को 2.75त्न से घटाकर 2.70त्न सालाना कर दिया गया है। वहीं 10 लाख रुपए से 500 करोड़ रुपए के बीच बैलेंस पर आपको 2.75त्न सालाना ब्याज मिलेगा। इसमें भी 0.05त्न की कटौती की गई है। नई दरें 4 अप्रैल 2022 से लागू हो गई हैं।

### 1700 रुपए पर जाएगा टाटा ग्रुप का स्टॉक

**नईदिल्ली।** अगर आप टाटा ग्रुप के स्टॉक (TATA group) में पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो आप टाटा स्टील के शेयरों पर नजर रख सकते हैं। दरअसल, टाटा ग्रुप के इस शेयर पर ब्रोकरेज हाउस बुलिश हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। ब्रोकरेज फर्म एक्सिस सिक्योरिटीज (A&is Securities) ने टाटा स्टील स्टॉक (TATA steel share) को BUY रेटिंग दी है और इसका टारगेट प्राइस 1700 रुपये रखा है। टाटा स्टील का लेटेस्ट शेयर प्राइस 1,366.05 रुपये है। यानी दांव लगाने पर सालभर में आपको लगभग 25% तक का रिटर्न मिल सकता है। शुक्रवार को टाटा स्टील के शेयर 1.23त्न बढ़कर 1,366.05 रुपये पर बंद हुए थे। पिछले पांच ट्रेडिंग सेशंस में कंपनी के शेयर 3.16त्न चढ़ा है। इस साल ङ्घञ्जष्ठ में यह शेयर 19.57 पर्सेंट की वृद्धि दर्ज की है। टाटा टाटा स्टील लिमिटेड मेटल्स-फेरस सेक्टर की कंपनी है। एक लार्ज कैप कंपनी है। इसका मार्केट कैप 167441.23 करोड़ रुपये है। इसकी स्थापना साल 1907 में हुई थी। टाटा स्टील लिमिटेड के प्रमुख प्रोडक्ट्स/राजस्व खंडों में 31-मार्च-2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए स्टील और स्टील उत्पाद, बिजली और अन्य परिचालन राजस्व शामिल हैं।

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में मार्च में शुद्ध रूप से 28,463 करोड़ रुपये का निवेश

मुंबई । इक्विटी म्यूचुअल फंड को लेकर निवेशकों में आकर्षण बना हुआ है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंड में मार्च महीने में शुद्ध रूप से 28,463 करोड़ रुपये का निवेश आया। यह लगातार 13वां महीना है,जब शुद्ध प्रवाह बढ़ा है। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के जारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध रूप से 19,705 करोड़ रुपये लगाए गए थे,जबकि जनवरी में यह आंकड़ा 14,888 करोड़ रुपये और दिसंबर, 2021 में 25,077 करोड़ रुपये था। इक्विटी यानी शेयर में निवेश से जुड़ी योजनाओं में शुद्ध रूप से निवेश मार्च, 2021 से ही बढ़ रहा है। यह निवेशकों के बीच ऐसी योजनाओं को लेकर सकारात्मक धारणा को बताता है। इससे पहले, इन योजनाओं से जुलाई, 2020 से लेकर फरवरी, 2021 तक लगातार पैसे निकाले गये थे। आंकड़ों के अनुसार, वहीं बांड और प्रतिभूतियों के मामले में पिछले महीने शुद्ध रूप से 1.15 लाख करोड़ रुपये निकाले गए। जबकि फरवरी में इसमें शुद्ध रूप से 8,274 करोड़ रुपये लगाये गये थे। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग से मार्च महीने में शुद्ध रूप से 69,883 करोड़ रुपये निकाले गए, जबकि इससे पिछले महीने में 31,533 करोड़ रुपये लगाए थे। निकासी की वजह से उद्योग की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां मार्च के अंत में घटकर 37.7 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो फरवरी के अंत में 38.56 लाख करोड़ रुपये थीं।

## जेट2.0 की उड़ने की तैयारी, मई तक मिल सकता है एयर ऑपरेटर्स सर्टिफिकेट

# अक्टूबर तक फिर शुरू हो सकती है जेट एयरवेज की उड़ानें

**नईदिल्ली।** इस साल सितंबर के अंतिम दिनों या अक्टूबर में जेट एयरवेज के विमान एक बार फिर उड़ान भरने के लिए तैयार होंगे। कंपनी के नए सीईओ ने संजीव कपूर ने कहा कि एयर ऑपरेटर्स सर्टिफिकेट के रिन्यूअन के बाद कंपनी जुलाई-सितंबर तिमाही में ही उड़ाने शुरू करने की योजना बना रही है। कंपनी को उम्मीद है कि सर्टिफिकेट मई की शुरुआत में मिल सकता है। उन्होंने कहा कि मई के अंत में उड़ान परीक्षण शुरू हो सकता है।




### अंतिम चरण में तैयारियां

संजीव कपूर ने उड़ान संबंधी तैयारियों को लेकर एक इंटरव्यू में बताया कि यह एक बहुत ही जटिल, लंबी और कठोर प्रक्रिया है और अब हम अंतिम चरण में हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सबकुछ सही हो। हम एयर ऑपरेटर परमिट (एओपी) के तैयार होने के कुछ और महीनों बाद परिचालन फिर से शुरू करने की उम्मीद करते हैं। अक्टूबर या उससे थोड़ा पहले तक परिचाल शुरू करने की हमारी योजना है। लेकिन कैसे भी उड़ाने शुरू करने में अभी हमें कुछ महीने और लगेंगे।

### क्यों बंद हुई थी जेट एयरवेज?

1990 के दशक की शुरुआत में टिकटिंग एजेंट से एंटरप्रेन्योर बने नरेश गोयल ने जेट एयरवेज की शुरूआत की थी। उन्होंने जेट एयरवेज की शुरूआत कर लोगों को एयर इंडिया का अल्टरनेटिव दिया था। एक वक्त में जेट के पास कुल 120 प्लेन थे। %दि ज्वॉय ऑफ फ्लाइंग% टैग लाइन के साथ ऑपरेशन करने वाली कंपनी जब पीक पर थी तो हर रोज 650 फ्लाइट्स का ऑपरेशन करती थी।हालांकि जब कंपनी बंद हुई तो उसके पास केवल 16 प्लेन रह गए थे। मार्च 2019 तक कंपनी का घाटा 5,535.75 करोड़ रुपए का हो चुका था। भारी कर्ज के चलते 17 अप्रैल 2019 को कंपनी बंद हो गई। एविएशन मार्केट का लीडर इंडिगो है, जिसके बेड़े में लगभग 278 विमान हैं। अक्टूबर 2021 तक इसका मार्केट शेयर लगभग 50त्न था। अब आने वाले दिनों में अकासा और जेट एयरवेज 2.0 के साथ-साथ एयर इंडिया से इसे टक्कर मिल सकती है।

### अकासा एयर भी मई-जून तक हो सकती है शुरू

आकाश एयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) विनय दुबे ने कुछ दिन पहले बताया था कि जून के महीने में एयरलाइन की पहली कमर्शियल उड़ान शुरू हो जाने की उम्मीद है। परिचालन शुरू होने के पहले 12 महीनों में उसकी योजना 18 विमानों का बेड़ा तैयार करने की है और उसके बाद हर साल एयरलाइन 12-14 विमानों को जोड़ती जाएगी।

### नए प्लेयर्स की एंट्री से मिलेगा ट्रैवलर्स को फायदा

ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी EaseMyTrip.com के CEO और को-फाउंडर निशांत पिट्टी ने कहा, एविएशन मार्केट में डिमांड बढ़ती रहेगी और नए प्लेयर्स ट्रैवलर्स के लिए ज्यादा बेनिफिट और ऑप्शन लेकर आएंगे। उन्होंने कहा, प्राइस और ऑफर के मामले में मार्केट और ज्यादा डायनेमिक हो जाएगा। ये महामारी से पहले के लेवल पर पहुंचने में मदद करेगा।

# सहालग शुरू होते ही सोने के दामों में आएगी तेजी

**नई दिल्ली.** देश में शादियों का सीजन शुरू होने वाला है. इससे ठीक पहले मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर सोने की कीमत (Gold Price) 52099 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर पर पहुंच गई है. स्पॉट गोल्ड भी 0.77 फीसदी की तेजी के साथ 1945 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ. एमसीएक्स पर पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में करीब 0.90 फीसदी के वृद्धि देखने को मिली.

लाइव मिंट के मुताबिक, कमोडिटी बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी फेडर रिजर्व की ओर से ब्याज दरें बढ़ाने के अनुमानों से हाल के सप्ताहों में सोना कंसॉलिडेशन जोन में पहुंच गया है. हालांकि, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण सोने की कीमतों को समर्थन मिल रहा है. विशेषज्ञों का कहना है कि शादी के मौसम की शुरुआत होने के साथ कीमती धातु की मांग बढ़ेगी, जिससे इसकी कीमतों में तेजी देखने को मिल सकती है. निकट भविष्य में एमसीएक्स पर सोना 53,500 रुपये और मध्यम अवधि में यह 56,000 रुपये के स्तर पर पहुंच सकता है. रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट (कमोडिटी एंड करेंसी रिसर्च) सुगंधा सचदेवा का कहना है कि सोने में निवेश करने वालों की नजर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर है. फेडरल रिजर्व की मार्च में हुई बैठक से पता चलता है कि आने वाले महीनों में वह ब्याज दरों में आधा अंक की बढ़ोतरी कर सकता है. इसकी प्रमुख वजद अमेरिका में बढ़ती महंगाई है. हालांकि, मौद्रिक नीति में तेजी से सख्ती से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को सबसे ज्यादा नुकसान होगा. इसके साथ ही यह वैश्विक अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार सकता है. विकास को लेकर कोई भी नकारात्मक जोखिम से लंबी अवधि में सोने में गिरावट आ सकती है.



### तनाव बढ़ने से सोने को मिलेगा समर्थन

सचदेवा का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका है. अमेरिका और यूरोप रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों की योजना बना रहे हैं. इससे तनाव और बढ़ सकता है. वैश्विक महंगाई के दबाव में वृद्धि के रास्ते पर आने में लंबा समय लग सकता है. इन घटनाक्रमों से सुरक्षित निवेश के रूप में सोने में निवेश बढ़ सकता हैं.

### इन वजहों से कीमतों में आएगी तेजी

आईआईएफएल सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता का कहना है कि अमेरिका के खुदरा बिक्री और महंगाई के आंकड़े सोने के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे. इसके अलावा, चीन में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं. कोरोना का प्रसार और शंघाई में लगाया गया लॉकडाउन वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर नहीं हो

## फिर 52 हजार के करीब पहुंचा सोना, चांदी में गिरावट

**नईदिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी महंगे हुए है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार सर्राफा बाजार में इस हफ्ते सोना 526 रुपए महंगा होकर 51,839 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इस हफ्ते की शुरुआत में यानी 4 अप्रैल को ये 51,313 रुपए पर था। IBJA की वेबसाइट के अनुसार इस हफ्ते चांदी में मामूली गिरावट देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरुआत में ये 66,737 रुपए पर थी जो अब 66,636 रुपए पर आ गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 101 रुपए कम हुई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में सोना-चांदी में उतार-च?व जारी रह सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो सोना 1,947.57 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। वहीं चांदी की बात करें तो ये 25 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गई है।

# अंकिता चौहान ने फिल्म बीए पास 3 से बॉलीवुड में ली एंट्री



बॉलीवुड फिल्मों में बीए पास ने एक नया ट्रेंड शुरू किया था। फ़िल्म की कहानी और इसकी बेबाकी की वजह से फ़िल्म ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। उसके पार्ट 2 ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्मेंस पेश की थी और अब निर्देशक निर्माता नरेंद्र सिंह बीए पास फ्रेंचाइजी का अगला पार्ट बीए पास 3 लेकर आ रहे हैं. हालांकि यह फिल्म 1 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई मगर इसका ट्रेलर आउट कर दिया गया है जिसे खूब पसंद किया गया. इस फ़िल्म से ऐक्ट्रेस अंकिता चौहान बॉलीवुड में इंट्री हुई। जी हां, यह अंकिता की डेब्यू फ़िल्म है और वह इस मूवी को लेकर बेहद उत्साहित थी। वह कहती हैं मैं अपनी डेब्यू फिल्म बीए पास 3 को लेकर सुपर एक्साइटेड थी। जैसा कि सबको पता है कि बीए पास अपने आप में एक बड़ा ब्रांड है, मुझे उम्मीद है कि सभी को इस फ़िल्म में मेरा काम पसन्द आया होगा। आपको बता दें कि यह फिल्म फिल्मी बॉक्स एप पर 1 मई को रिलीज हुई. इस फिल्म के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर नरेंद्र सिंह हैं। इसकी कहानी दीप चुघ और नरेंद्र सिंह द्वारा लिखी गई है और इंडस्ट्री के मशहूर छायाकार अनमोल धीमान द्वारा इसे फिल्माया गया है. इसके संगीतकार अल्ताफ-मन्नी हैं। फ़िल्म में अहम भूमिका में सनी सचदेवा, अंकिता चौहान, अरमान संधू हैं। अंकिता चौहान का रोल इस फ़िल्म में काफी चैलेंजिंग थी मगर वो इसे अपने करियर की बेहतरीन लांचिंग फ़िल्म मानती हैं। बीए पास 3 की कहानी ऐसे अनवांछित रिलेशनशिप के बारे में है, जो रिश्ते बनते हैं और फिर उन्हें सजा भी मिलती है. बी ए पास 3 एक बेरोजगार युवक अंशुल के जीवन के इर्द गिर्द घूमती है जब वह एक शादीशुदा औरत के साथ रिलेशनशिप में पड़ जाता है, तो उसकी जिंदगी कैसे बदल जाती है।गौरतलब है कि अंकिता चौहान के कई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स हैं। बीए पास 3 के बाद पिंग पोंग चैनल के लिए उनकी एक शार्ट फ़िल्म द रिटर्न गिफ्ट रिलीज होने वाली है। एमएक्स प्लेयर पर उनकी एक वेब सीरीज द डेथ वारंट भी जल्द रिलीज की जाएगी।

## महामारी से टेलीविजन उद्योग को नुकसानः वैष्णवी धनराज

अभिनेत्री वैष्णवी धनराज, जो अपने शो आपकी नजरों ने समझा में नम्रता का किरदार निभा रही हैं, उनका कहना है कि महामारी के दौरान टेलीविजन उद्योग को नुकसान उठाना पड़ रहा है, लेकिन इसमें शामिल सभी लोग वापस लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि मुझे लगता है कि इस उद्योग की सबसे अच्छी बात है कि हर किसी के लिए यहां काम है। यह शोबिज का हिस्सा बनने के लिए बहुत अच्छा चरण है। मुझे पता है कि महामारी का प्रकोप बढ़ रहा है, लेकिन हम वापस लड़ रहे हैं। चीजें जल्द ही बेहतर होंगी। इस बीच, अभिनेत्री ने कहा कि उनका शो काफी लोकप्रियता बटोर रहा है क्योंकि वे नए कंटेंट के साथ दर्शको के सामने आए हैं। उन्होंने कहा, लोग ऐसा कुछ भी नहीं देखना चाहेंगे जो उन्होंने पहले देखा हो या पसंद नहीं करते हों। इसलिए, दर्शकों के लिए हमेशा कुछ नया और रोमांचक लाने की चुनौती होती है जिसे लोग अपने समय से जोड़ कर देख सकें । इस शो के लेखकों और रचनाकारों की टीम शो के लिए बहुत अच्छा काम कर रही है।



## खुद को मजबूत कीजिए और ताकतवर होकर वापस आइए:शिल्पा शेट्टी

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने सोमवार को इंटरनेट पर समय बिताने वालों (नेटिजन्स) के लिए एक सलाह साझा करते हुए कहा कि हमारे आस-पास जो कुछ भी हो रहा है, अगर आप उससे व्याकुल हैं, तो फिर सोशल मीडिया से ब्रेक लेना ठीक है। शिल्पा ने खुद की एक तस्वीर साझा करते हुए इंस्टाग्राम पर लोगों को प्रोत्साहित किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, हमारे आस-पास जो कुछ भी हो रहा है, अगर आप उससे व्याकुल हैं तो सोशल मीडिया से ब्रेक लेना ठीक है। उन सभी के लिए जो कोविड-19 से जूझ रहे व्यक्ति के साथ हैं या फिर जो संसाधनों को खोजने में दूसरों की मदद कर रहे हैं। मैं समझ सकती हूं कि यह लड़ाई हम में से किसी के लिए भी आसान नहीं है। कुछ समय के लिए छुट्टी लें। आपको मानसिक रूप से एक ऐसी जगह पर होना चाहिए।




# कृति सेनन की फिल्म हो सकती हैं ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज



बॉलीवुड की अभिनेत्री कृति सेनन आने वाले दिनों में कई फिल्मों से नजर आने वाली हैं। जिसकी शूटिंग वो पिछले काफी समय से कर रही है। कृति सेनन की अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में मिमि फिल्म भी शामिल है। जो पिछले कई दिनों से सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म को लेकर आए दिन कोई न कोई खबरें सामने आती रहती है। बता दें कि फिल्म का ऐलान काफी समय पहले ही मेकर्स ने कर दिया था। जिसका पोस्टर भी रिलीज कर दिया गया था। अब कृति सेनन की इस फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि कृति की फिल्म जल्दी ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज की जा सकती है। फिल्म का निर्देशन दिनेश विजन ने किया है। जिसमें कृति सेनन का किरदार बेहद अलग है। इसमें अभिनेत्री एक सरोगेट मदर के रोल में नजर आएंगी। कृति सेनन के अलावा फिल्म में पंकज त्रिपाठी का भी अहम रोल होने वाला है। फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि, फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज की जा सकती। जिसके लिए इन दिनों मेकर्स की ओटीटी प्लेटफार्म से बात भी चल रही है। हालांकि बता दें कि फिल्म की रिलीज पर कोई भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि मेकर्स की तरफ से नहीं किया गया है। इस वक्त देश में कोरोना वायरस की वजह से हालात काफी खराब हैं। देश के कई राज्यों में सिनेमा हॉल को बंद कर दिया गया है। जिसकी वजह से मेकर्स अब अपनी फिल्मों को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज कर रहे हैं। कई बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट को भी मेकर्स ने टाल दिया है। अगर हम बात करें कृति की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वो जल्द ही वरुण धवन की फिल्म भेड़िया में नजर आने वाली है।



# धूमधाम से मनी रामनवमीं, मंदिरों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब





### कन्या पूजन के साथ नवदुर्गा का हुआ समापन

**मुरैना।** 2 अप्रेल से शुरू हुआ नवदुर्गा महोत्सव का समापन रविवार को कन्या भोज के साथ संपन्न हुआ। रविवार को रामनवमी के अवसर पर अंचल के प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों ने नेजे चढ़ाये वहीं जबारे भी समर्पित किये। इस अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों पर भी शनिवार की देर रात हवन आदि के उपरांत रविवार की सुबह कन्या भोज कर प्रसादी वितरण की गयी। दुर्गा अष्टमी से ही मॉ के हजारों भक्तों ने कनक दण्डवत लगाना आरंभ कर दिया व अंचल के प्रमुख माता बसैया, मॉ बहरारे एवं बडोखर माता मंदिर पर नेजे भी चढाये गये। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनों को नियंत्रित करने के लिए कहीं भी बेरीगेट की व्यवस्था नहीं होने से हजारों श्रद्धालु घंटो तक जाम में फंसे रहे। वहीं रामनवमीं पर मंदिरों में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भी मनाया गया। माता बसैया सहित कुतबार वाली माता, ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ का नजारा देखने को मिला। माता मंदिरों पर भक्तों ने कनक दण्डवत परिक्रमा भी दी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था का प्रतीक माता के नेजे भी दरबारों में चढ़ाए गए। साथ ही कन्या व लांगूरों को भोजन भी कराया गया। बहरारा माता मंदिर पर भक्त परेशानियों के बावजूद भी माता के दर्शन करने पहुंचे। भक्ति व आस्था का केन्द्र मंदिरों पर भी श्रीराम नवमीं का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### कन्या-लांगूरों की रही पूछ परख

नवरात्र समापन के बाद जगह-जगह भण्डारे आयोजित किये जाते हैं और इसमें सर्व प्रथम छोटे-छोटे कन्या लांगुरों को बुलाबुलाकर उन्हें भोज कराया गया और बाद में चंदन लगाकर पैर छूकर दक्षिणा दी गयी। अधिक तादाद में भण्डारे होने एवं अनेक जगहों से एक-एक बच्चे के कई निमंत्रण होने से बच्चे काफी थक गये। कन्या लांगुरों को भोज कराने वालों को इन्हीं तलाशने की जहमत उठानी पड़ी। सुबह से ही यह प्रक्रिया शुरू हो गई जो देर दोपहर तक चली।

### माता बसैया पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाव

चैत्र नवरात्रि पर माता बसैया मंदिर पर श्रद्धा का सैलाव उमडा़। शनिवार को अष्टमी एवं रविवार को नवमी पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं का सुबह से ही पैदल पहुंचना प्रारंभ हो गया। वहीं दूर-दराज से हजारों आए श्रद्धालु अपनी-अपनी सुविधा अनुसार माता के धाम बसैया मंदिर पहुंचे और माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विदित हो कि चैत्र नवरात्रि में माता बसैया मंदिर पर नौ दिनों तक मेला चलता है, माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं प्रथम दिन से नौ दिन तक अपनी-अपनी श्रद्धानुसार माता मंदिर पर पूजा अर्चना करते है। श्रद्धालुओं द्वारा भारी मात्रा में नैजे चढ़ाए गए वहीं नवमी होने के कारण कहीं कन्या पूजन कर माता का अशीर्वाद लिया।

## रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

**मुरैना।** रविवार को चैत्र नवरात्र की समाप्ति एवं राम नवमी के अवसर पर शहर में पहली बार भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरी और भगवान श्री राम के गीत भजनों के साथ जय श्री राम के उद्घोष गुंजायमान हो रहे थे। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत एवं पूजा अर्चना की गई। भव्य शोभायात्रा का आयोजन राम उत्सव समिति एवं करने वाले राम कराने वाले राम द्वारा किया गया।



शाम को टाउन हॉल से यह चल समारोह आरंभ हुआ, जो जीवाजीगंज होते हुए शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरा और टाउन हॉल पर ही संपन्न हुआ। शोभायात्रा में आगरा से आई कई आकर्षक झांकी चल रही थी और बड़ी संख्या में युवा एवं महिलाएं भगवान श्री राम के उद्घोष कर रहे थे। इस आयोजन को देखते हुए पुलिस द्वारा कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए तथा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली योगेंद्र सिंह के साथ पुलिस कर्मचारी पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिए।

## आसमानी माता मंदिर पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री तोमर ने की देश में सुख समृद्धि की कामना



**अंबाह।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर रविवार को राम नवमी के पावन अवसर अपने पैतृक गांव औरेठी पहुंचे, जहां पर उन्होंने जगत जननी आसमानी माता के दर्शन कर प्रदेश और देश की उन्नति और विकास के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर श्री तोमर ने अपनी कुलदेवी आसमानी माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और मौजूद लोगों को दुर्गा नवमी एवं रामनवमी की शुभकामनाएं दी। श्री तोमर ने कहा कि उन्होंने माता आसमानी से विश्व में सुख समृद्धि शांति की कामना की है। श्री तोमर के साथ इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद थे। ज्ञात रहे कि अंबाह पोरसा के विभिन्न दौरों के दौरान श्री तोमर अपनी कुलदेवी माता आसमानी के दर्शन हेतु अवश्य जाते है।

# थाने पहुंची बालिका बोली मेरा बाल विवाह रुकवाए

### पुलिस व चाइल्ड लाइन ने मौके पर पहुंचकर रूकवाया विवाह



**मुरैना।** थाना प्रभारी जौरा आशीष राजपूत द्वारा चाइल्ड लाइन के नितिन शिवहरे को फोन द्वारा बताया गया कि एक नाबालिक बालिका जिसकी उम्र अभी 17 वर्ष 5 माह है के द्वारा सुबह 8 बजे लिखित में थाने आकार आवेदन देकर बताया गया कि उसके पिता उसका विवाह जौरा में ही पास ही के रहने वाले एक व्यक्ति जो कि 45 वर्षीय हैं के साथ जबरदस्ती 2 मई को करने जा रहे है, और उसकी सगाई 10 दिन पहले ही पिता द्वारा कर दी गई है।


उक्त मामले में परिवार के चाचा, ताऊ, मां, मामा व जीजा एवं बड़ी बहन द्वारा भी पिता को समझाने का प्रयास किया गया है परंतु पिता किसी की भी बात नहीं मान रहा है। थाना प्रभारी द्वारा सूचना प्राप्त होते ही मुरैना चाइल्ड लाइन से नितिन शिवहरे, अर्चना कुशवाह द्वारा तुरंत थाना जौरा पहुंचकर बालिका से मुलाकात कर चर्चा की और सारे मामले को विस्तार से जाना। तत्पश्चात नितिन शिवहरे द्वारा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष आलोक राजावत को फोन पर संबंधित केस से अवगत कराया और बाल कल्याण समिति अध्यक्ष के आदेश अनुसार बच्ची का रेस्क्यू कर बच्ची को मुरैना बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। टीम द्वारा बच्ची से चर्चा करने पर बच्ची द्वारा बताया गया है कि वह अभी शादी करना नहीं चाहती और उसके पिता जिस लड़के से उसकी शादी करा रहे हैं, वह लगभग 45 साल का है मैंने कई बार पिता को मना किया है परंतु मेरे पिता जबरदस्ती मेरी शादी कराने पर आमादा हैं, मैं अभी नाबालिक हूं और आगे पढ़ना चाहती हूं। बाल कल्याण समिति द्वारा मुरैना महिला थाना पुलिस को जिला अस्पताल मुरैना से बालिका के साधारण स्वास्थ्य परीक्षण करा कर वन स्टॉप सेंटर आगामी कार्यवाही तक छोड़ने के आदेश किए गए हैं।

## सम्राट अशोक की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग



**अंबाह।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की अंबाह इकाई की ओर से सब्जी मंडी परिसर में सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रामविलास कुशवाह ने चैत्र शुक्ल अष्टमी पर चक्रवती सम्राट अशोक मौर्य की जयंती को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाई जाने के लिए भारत सरकार से मांग की है।

उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक मौर्य महान एक ऐसे शासक थे, जिनके शासनकाल में भारत सोने की चिडिया कहलाता था। उन्होने कहा कि सम्राट अशोक ने प्रथम संविधान चट्टानों पर खुदवाया था। देश की शासन प्रणाली और भारत सरकार अशोक स्तम्भ को राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह मानती है, जबकि ऐसे महान जननायक की जयंती भारत सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर मनाना चाहिए। इसके साथ ही इस दिल अवकाश घोषित करने की मांग भी श्री कुशवाहा ने की। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी सम्राट अशोक के राष्ट्र के प्रति दिए गए योगदान को याद किया। साथ ही उनके चित्र पर माल्यार्पण भी किया। इस आयोजन में दीनबंधु कुशवाह, पुत्तु सिंह कुशवाह, रामसेवक कुशवाह, रामप्रकाश कुशवाह, विधाराम कुशवाह, ओम प्रकाश, आसाराम, कल्याण कुशवाह, अशोक एवं रामबाबू कुशवाह सहित अनेक लोग मौजूद थे।





## जिले की प्रशासनिक व्यावस्था में तहसील का विशेष महत्वः केन्द्रीरा मंत्री श्री तोमर

### -साढ़े 5 करोड़ रूपये की लागत से बानमौर तहसील का केन्द्रीय मंत्री ने किया लोकार्पण



**मुरैना।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि जिले की प्रशासनिक व्यवस्था में तहसील का विशेष महत्व है। बानमौर तहसील की मांग लंबे समय से चली आ रही थी, जिसे नवदुर्गा के अवसर पर लोकार्पण किया जा रहा है। यह तहसील 5 करोड़ 63 लाख रूपये की लागत से बनकर तैयार हुई है। यह बात उन्होंने शनिवार को बानमौर में तहसील के लोकार्पण करते समय कही। इस अवसर पर ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष गिर्राज डंडोतिया, अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना, जिला पंचायत की अध्यक्षा श्रीमती गीता हर्षाना, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, विधायक शिवमंगल सिंह तोमर, समाजसेवी हमीर सिंह पटेल, सोनू परमार, कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, एसडीएम सहित गणमान्य नागरिक बडी संख्या में शहरी-ग्रामीणजन उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि मुरैना दिनों-दिन तरक्की कर रहा है। एक समय अधिकारियों, कर्मचारियों के लिये कलेक्ट्रेट परिसर में बैठने की जगह भी नहीं थी, इस स्थिति में भी उन्हें पद के अनुरूप कार्य करना होता था। आज नवीन कलेक्ट्रेट भवन ग्वालियर की कलेक्ट्रेट जैसा बनकर तैयार हो गया है। जिसमें अधिकारी, कर्मचारी सभी मन लगाकर कार्य कर रहें है। इसके अलावा बानमौर में तहसील भवन का लोकार्पण आज किया जा रहा है और हॉस्पीटल भी बनकर तैयार हो चुका है। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सरकार द्वारा अच्छे भवन, अच्छी बैठने की सुविधायें मुहैया करायी जा रहीं है तो ग्रामीण लोगों के आवेदनों पर भी अधिकारी, कर्मचारी उनकी भावनाओं के अनुरूप समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करें। ऐसी मेरी उम्मीद हैं।

## बानमोर स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कार्य संपन्न



**मुरैना।** मंडल रेल प्रबंधक श्री आशुतोष के कुशल निर्देशन में झाँसी मंडल के बानमोर स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने हेतु शुक्रवार 8 अप्रैल को नयी अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग का संस्थापन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। रेल प्रबंधक ने बताया कि मेधा मेक की इस नयी वितरित प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग में हॉट स्टैंडबाय फीचर सहित 100 रूट उपलब्ध हैं। सीमेंस मेक के ड्यूल एमएसडीएसी के संस्थापन के साथ इसमें 25 ट्रेकपॉइंट तथा 58 ट्रेक सर्किट तथा 59 डीपी संस्थापित किये गए हैं। नये अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग सिस्टम को यूएफएसइीआई ब्लाक पेनल के साथ संस्थापित किया गया है। उक्त संस्थापन के माध्यम से संरक्षा मानक में वृद्धि की गयी है। पुरानी इलेक्ट्रो मैकेनिकल के मुकाबले यह प्रणाली अधिक विश्वसनीय है। उक्त नयी संस्थापित प्रणाली की सुरक्षा हेतु सेंट्रल और एंड केबिन में 10-फ्यूज अलार्म सिस्टम दिया गया है। यह कार्य वरि. मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार (समन्वय) अमित गोयल, वरि. मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर वीएस गुप्ता एवं मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार एस एस सत्संगी के नेतृत्व व उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसी क्रम में मंडल के ललितपुर स्टेशन पर भी वर्तमान में संस्थापित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में बदलाव करते हुए तीसरी लाइन से कनेक्शन हेतु उपयुक्त बनाया गया है। उक्त व्यवस्था के माध्यम से बिजरौठा-ललितपुर रेलखंड को तीसरी लाइन से जोड़ दिया गया है।

### पेंशन अदालत का आयोजन 15 अप्रैल को

मुरैना। रेल प्रशासन झाँसी मंडल द्वारा वर्ष 2022 हेतु पेंशन अदालत का आयोजन 15 अप्रैल को किया जा रहा है, यदि मंडल के पेंशन भोगियों को अपनी पेंशन या अंतिम देय सम्बंधित कोई शिकायत / सुझाव हो तो निर्धारित प्रारूप में 30 अप्रैल तक मंडल कार्यालय में कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कार्मिक शाखा से प्राप्त किया जा सकता है, डाक द्वारा भेजे गए लिफाफे पर पेंशन अदालत 2022 आवश्यक रूप से इंगित करें।

# शिवपुरी पुलिस ने कार से 5 लाख की चोरी के मामले का खुलासा करते हुये एक आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर 3 लाख नगद एवं घटना मे प्रयुक्त कार को किया वरामद

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** फरियादी ने थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट किया कि मैं अपनी कार को गुरद्वारे के पास खड़ा किया था उसी वक्त कुछ लोगों ने आकर मुझे गुमराह करने के लिये कहा कि तुम्हारी गाड़ी मे से ऑयल लीक हो रहा है जिसे मैं देखने लगा इसी दौरान उनमे से किसी के द्वारा मेरी गाड़ी मे रखे बैग जिसमे 5 लाख रुपये रखे थे चुरा लिया । रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली पर अपराध क्रं.144/2022 धारा 379 भादवि का कायम कर थाना प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे घटना स्थल का मुआयना किया एवं घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी ।

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल ने दिन दहाड़े हुयी चोरी की इस घटना को गंभीरता से लेते हुये चोरों की पतारसी एवं चोरी गये बैग को वरामद करने के लिये शहर मे लगे सीसीटीव्ही एवं सायबर सैल की मदद लेने के निर्देश दिये। अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली निरी. सुनील खेमरिया के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम गठित कर चोरों की तलास शुरु की गई । जिससे चलते शहर मे लगे सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला गया, जिससे ज्ञात हुई कि घटना के वक्त एक नीले रंग की दिल्ली पास वलेनो कार क्रं. छ्रु 2छ्ह्ह9844 दिखी एवं उसमे से 4-5 लोग उतरे और घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस द्वारा विवेचना को आगे वढ़ाते हुये इन लोगों पर शक के दायरे लेते हुए इनकी जांच पड़ताल मे जुट गई । सायबर सेल की मदद से गाड़ी का पता किया गया तो दिल्ली का पता आया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन मे थाना कोतवाली से एक पुलिस टीम जिसमे उनि. दीपक पालिय, प्रआर. देवेन्द्र, प्रआर नरेश यादव एवं आर भूपेन्द्र यादव को दिल्ली के लिये रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा दिल्ली पुलिस की मदद से थाना अम्बेडकर नगर इलाके से दविस देकर एक आरोपी, घटना मे प्रयुक्त कार छ्रु 2छ्ह्ह9844 एवं आरोपी से नगद 3 लाख रुपये वरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ मे बताया कि उसने अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना को कारित किया है। पुलिस द्वारा घटना का 48 घंटे के अंदर खुलासा कर घटना मे सामिल अन्य आरोपियों की तलास की जा रही है। घटना पर तुरंत कार्यवाही करने एवं खुलासा करने पर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा पुलिस टीम के मनोवल बढ़ाने एवं सराहनीय कार्य के लिये नगद पुरुस्कार की घोषणा की है।



इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरी. सुनील खेमरिया, उनि. दीपक पालिया, कावा. प्रआर. नरेश यादव, काव. प्रआर. देवेन्द्र, आर. भूपेन्द्र यादव की शराहनीय भूमिका रही।

# शिवपुरी पुलिस ने आईपीएल पर सट्टा खिलाते दो आरोपयों को 9 हजार नगद व तीन मोबाइलों के साथ किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-**पुलिस अधीक्षक श्री राजेश चंदेल के द्वारा जिले मे अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया जी के निर्देशन में स्छह्क्क करैरा जी0डी0 शर्मा के मार्गदर्शन मे एवं थाना प्रभारी करैरा निरी0 सतीश चौहान द्वारा एक टीम गठित की गयी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 06.04.2022 को मुखविर की सूचना पर से डेनेडा रोड पुराने अस्पताल के पास आई.पी.एल का सट्टा चला रहे आरोपी 01. बृजेश उर्फ लारा साहू पुत्र बालकिशन उम्र 32 बर्ष नि. काजी मोहल्ला करैरा , 02 फरीद खांन पुत्र जफर खांन उम्र 30 बर्ष नि. पुरानी तहसील के पास करैरा को आई.पी.एल का सट्टा लेते हुए मिले जिनपर कार्यवाही की गयी । आरोपियों के कब्जे से तीन मोवाईल कीमती 60000 रूपये एवं नगद 9000 रूपये जप्त हुए मोबाईलों मे लगभग 12-13 लाख रूपये का आई.पी.एल सट्टे का ट्रांजेक्शन पाया गया । आरोपियों पर कार्यवाही करने में थाना प्रभारी करैरा निरी.सतीश सिंह चौहान सउनि जितेन्द्र जाट , सउनि जितेन्द्र सिंह यादव, आर सोनू पांडेय, आर मनीष कोरी,आर देवेश तोमर, आर चालक शैलेन्द्र पाल एवं ए .डी. टीम के उनि रविन्द्र सिकरवार,सउनि प्रवीण त्रिवेदी, प्र.आर चन्द्रभान, आर रामप्रसाद ,आर हरेन्द्र, आर अनूप, प्र.आर. चालक उसमान खांन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## श्री राम नवमीं के पावन पर्व पर निकाली गई भव्य बाइक रैली

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पाजंलि टुडे**



**पलेरा।** नगर पलेरा में बजरंग दल कार्यकर्तओं एवं हनुमान जन्म उत्सव समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा रामनवमी पर बाईक रैली भव्य शोभायात्रा निकाली जिसमें नगर पलेरा कपासी आलमपुरा सेपुरा के राम भक्त इस कार्यक्रम में मौजूद रहे हरतला मंदिर प्रांगण पर श्री रामचंद्र जी की आरती की गई फिर शोभायात्रा नगर में निकाली गई जिसमें सभी राम भक्त उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर्व पर श्रद्धालुओं को पेनका व छाछ का वितरण किया

**पुष्पाजंलि टुडे**



**बेंगलूर** –सार्थक सेवा संस्थान एवं श्री राम व्यायामशाला के संयुक्त तत्वावधान में रामनवमी के उपलक्ष्य में मैसूर रोड में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को पानका एवं छाछ वितरित करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत के साथ में रवि कुमार ने सैकड़ो श्रद्धालुओं को पेनका जूस का वितरण किया।इस अवसर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद व जूस ग्रहण किया

## यातायात थाना प्रभारी की दारियादिली नाबालिक बच्चे चला रहे स्कूटर समझाइश देकर घर वालों को सौंपा



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर यातायात थाना से है जहां यातायात थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव द्वारा स्कूटर पर सवार तीन नाबालिग बच्चे स्कूटर चलाते हुए गुरुद्वारे चौराहे से निकल रहे थे तभी उन पर यातायात थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव की नजर पड़ी थाना प्रभारी द्वारा उनको रोका गया वाले बच्चे स्कूटर चला रहे तीन नाबालिग बच्चों को गुरुद्वारा चौराहे पर जब यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव द्वारा रोका तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरा नाम हिमांशु राठौर है मेरी उम्र 12 वर्ष है मेरे पिताजी का नाम अशोक राठौड़ खेड़ापति कॉलोनी शिवपुरी है। जिसके बाद यातायात प्रभारी ने उन्हें अपनी गाड़ी में बिठाया और उन्हें खेड़ापति कॉलोनी उनके घर उनकी माताजी को सुपुर्द किया एवं समझाइश दी कि बच्चों को गाड़ी ना दें क्योंकि छोटे बच्चे कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

## राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** मध्यप्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2022 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10,000 रूपये, रजत पदक पर 8,000 रूपये एवं कास्य पदक पर 6,000 रूपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान हैं। वर्ष 2022 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई तक स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति हेतु निर्धारित दिशा निर्देश व नियमावली विभागीय वेबसाइट www.dsywmp.gov.in पर उपलब्ध है।

# भाजपा नेत्री डॉ. सलोनी सिंह ने राण्ठखेड़ा में श्रवण की श्रीमद्भागवत कथा

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिले की पोहरी तहसील से है जहां वरिष्ठ भाजपा नेत्री और समाजसेवी डॉ सलोनी सिंह धाकड़ और जयारोग्य अस्पताल समूह ग्वालियर के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. आर. के. एस. धाकड़ ने पोहरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राण्ठखेड़ा में पहुँचकर श्रीमद्भागवत कथा का रसपान ग्रहण किया । आपको बता दें कि ग्राम राठ खेड़ा में मां दुर्गा के मंदिर पर पदस्थापना एवं भागवत कथा का आयोजन मध्य प्रदेश के पीडब्ल्यूडी राज्य मंत्री सुरेश रांठखेड़ा परिवार के द्वारा किया जा रहा है, जहां भाजपा नेत्री डॉ सलोनी सिंह ने पहुंच कर भागवत कथा एवं रासलीला का आमजन के बीच बैठकर आनंद लिया। विगत 7 दिनों से जारी ग्राम साठखेड़ा में भागवत कथा आयोजन में बीते रोज भाजपा नेत्री सपरिवार पहुँची जहां उन्होंने सर्वोत्तम व्यास पीठ पर जाकर भागवत जी का पूजन फूल मालाओं के साथ किया। डॉ धाकड़ ने अपने समर्थकों के साथ आमजन की तरह व्यास पीठ के सामने भूमि पर बैठकर भागवत कथा का रसपान किया। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला महामंत्री पृथ्वीराज सिंह, अल्पसंख्यक महामंत्री बसर अली, युवा मोर्चा जिला महामंत्री मनीष बंसल, कोलारस पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजय सिंह यादव और अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीरेंद्र सिंह धाकड़ भी उपस्थित रहे ।



## पुष्पांजली टुडे का मैग्जीन शूट सम्पन्न



**ग्वालियर।** ग्वालियर को आजकल फिल्मी दुनिया के नाम से जाना जाता है।हो भी क्यों न क्यों कि इन दिनों ग्वालियर में कई फिल्में,बेब सीरीज रोजाना शूट हो रही है ऐसा ही शूट सुलेखा ब्यूटी स्टूडियो में देखने को मिला जिसमे पुष्पांजली टुडे मैगजीन का शूट KDS Photography ,आदित्य क्रिएशन के द्वारा किया गया।इसमें शहर के कई जानी-मानी मॉडलों ने भी हिस्सा लिया और अलग से अलग यूनिक थीम पर मॉडल का मैगजीन शूट हुआ जिसमें ऑर्गेनाइजर आदित्य सक्सेना,अरविंद राठौर,वाह मेकअप आर्टिस्ट सुलेखा सिंह फैशन डिजाइनर एवं स्टाइल पार्टनर पूनम सिंह और मॉडलों में करिश्मा राजपूत,शिखा कुशवाह,स्वाति सना भारद्वाज,तनु सिंह,नैन्सी,आदि मौजूद रही।

# शीतला माता मंदिर पर विशाल मेला व दंगल का आयोजन संपन्न

**गोहद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोहद अंचल में खरौआ पंचायत में स्थित शीतला माता मंदिर पर विशाल मेला एवं दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में मध्यप्रदेश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान पंजाब आदि राज्यों से पहलवानों ने दंगल में पहुंचकर अपने दांवपेच दिखाएं। जंगल में पहले स्थान के लिए हुई (आखरी) कुश्ती मेवाराम जाटव की ओर से आयोजित हुई, जो जोगेंद्र पहलवान मुरैना एवं जयदीप पहलवान शेरपुर गोहद के बीच हुई यह कुश्ती बराबरी पर संपन्न हुई, विधायक मेवाराम जाटव के द्वारा दोनों पहलवानों का माला पहनाकर स्वागत किया गया इस कुश्ती का इनाम विधायक की ओर से 41 हजार रुपए बराबर कुश्ती छूटने पर बराबर बराबर दोनों पहलवानों को प्रदाय किया गया। दूसरे स्थान के लिए गौरव पहलवान भिंड एवं गिर्राज पहलवान आगरा के बीच कुश्ती संपन्न हुई जिसमें गौरव पहलवान भिंड विजय हुए, दंगल प्रबंधन की ओर से विजय हुए पहलवान को 31 हजार रुपए का इनाम दिया गया। तीसरे स्थान के लिए विक्रम पहलवान फिरोजाबाद कौशल पहलवान ग्वालियर इस कुश्ती का इनाम 21 हजार रुपए रखा गया था यह कुश्ती भी बराबरी पर छूटने के कारण इनाम दोनों पहलवानों को बराबर बराबर प्रदाय किया गया। चौथे स्थान के लिए कृष्णा सिंह पहलवान मुरैना एवं सुमित पहलवान पंजाब इस कुश्ती का इनाम 11 हजार रुपए रखा गया था जो विजय हुए पहलवान कृष्णा सिंह पहलवान मुरैना के द्वारा प्राप्त किया गया। दंगल में विधायक मेवाराम जाटव के साथ केशव देसाई, रामहेत जाटव, रामजी गुर्जर, जावेद पठान, गुट्टी शर्मा, पिंकी उचाडिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे कुश्तियों के आयोजन में खलीफा नवल सिंह परमार, वासुदेव शुक्ला, अतर सिंह यादव, रामकुमार आदि खलीफाओं ने दंगल के आयोजन को अच्छी तरह से संपन्न कराया।



# गोहद नगर का गौरव महाराजा भीम सिंह राणा की स्मृति में मनाया गया

**मोनू बाथम**





**गोहद** अटल चौक से माननीय अटल बिहारी वाजपेई भारत रत्न की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता रैली गोहद के पूर्व विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त रणवीर जाटव के मुख्य अतिथि के रूप में प्रारंभ किया गया तत्पश्चात नगरपालिका प्रांगण में भगवान श्री राम रामचंद्र एवं मां सरस्वती तथा भीम सिंह राणा की तस्वीरों का पूजन कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष निहाल सिंह राणा एवं विशिष्ट अतिथि भीकम सिंह कौशल नगर पालिका अध्यक्ष ने की कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव एडवोकेट द्वारा किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना तथा राष्ट्रीय गीत का गायन बच्चियों के द्वारा किया गया तथा बच्चियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया तथा मध्य प्रदेश गांव का गायन कमल सिंह की मंडली द्वारा किया गया इस अवसर पर स्वागत भाषण नगर नगर पालिका के प्रशासक अनुविभागीय अधिकारी शुभम शर्मा द्वारा उद्बोधन दिया गया निहाल सिंह राणा के द्वारा गोहद के महाराजा भीम सिंह राणा के गौरवमई इतिहास पर प्रकाश डाला गया तथा डॉ अजय अग्निहोत्री जिन्हें गोहद के इतिहास पर जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा 1982 में पीएचडी अवॉर्ड हुई तथा बाबूराम माहोर प्रयासई के द्वारा राष्ट्रभक्ति शीर्षक से एक कविता का वाचन भी किया गया इसके पश्चात गोहद नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गौरव के कीर्तिमान करने वाले व्यक्तित्व का सम्मान किया गया जिसमें सर्वप्रथम बाबूलाल माहौर पयासी कविता के क्षेत्र में तथा संतोषी लाल बांदिल पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं लक्ष्मीनारायण लोहिया पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जेपी अग्रवाल नाथूराम अग्रवाल भगवान लाल सेजवाल हरिकिशन माहौर सुरेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट का समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मान किया गया वही कला के क्षेत्र में मोनिका भदोरिया तथा कमल सिंह गायक का सम्मान किया गया कुश्ती किस क्षेत्र में सूरज भदोरिया का सम्मान किया गया विधि के क्षेत्र में महेश श्रीवास्तव जी का सम्मान किया गया गोहद के शहीद सैनिक जितेंद्र चतुर्वेदी की सहादत के लिए उनकी पत्नी श्रीमती वर्षा चतुर्वेदी का सम्मान किया गया गोहद के इतिहास पर महर्षि अरविंद महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान पूजा अनंत द्वितीय स्थान निधि तोमर प्रतिष्ठान रोशनी गोयल को मिला इन्हें पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए गए स्वच्छता और हम विषय पर निबंध लेखन में प्रथम पुरस्कार अभिषेक शर्मा बी ए द्वितीय वर्ष द्वितीय पुरस्कार सौम्या शर्मा बीकॉम प्रथम वर्ष तृतीय पुरस्कार अविनाश परमार बीए प्रथम वर्ष को प्राप्त हुआ इसी के साथ सफाई मित्र के रूप में अदम सेवा कार्य के लिए तीन सफाई मित्रों का स्वागत सम्मान किया गया तथा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भीकम कौशल पार्षद आत्मदास भटनागर एवं भोला राम मांझी का भी सम्मान किया गया इस अवसर पर रक्तदान भी किया गया तथा बीएमओ डॉ आलोक शर्मा एवं कार्यपालन यंत्री नगरी प्रशासन का भी सम्मान किया गया तथा सीएमओ सतीश दुबे द्वारा शाम को अपने घरों पर दीप दीप जलाने का आव्हान किया गया कार्यक्रम का आभार राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी शुभम शर्मा द्वारा किया गया है पहली बार गोहद नगर में भीम सिंह राणा की स्मृति में नगर पालिका परिषद द्वारा मनाया गया गौरव दिवस नगर में उत्साह के रूप में देखा गया और इसे आगे भी बड़े रूप में मनाए जाने के लिए चर्चा की गई है

## लू से बचने के लिए जन सामान्य को सलाह

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** वर्तमान समय में तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है,गर्म हवाएं चलने लगी हैं, जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचने के लिए जन सामान्य को ज्यादा समय तक घर में रहने एवं अनावश्यक बाहरना निकलने की सलाह दी गई है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें । घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, खाली पेट घर से बाहर न जायें, इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय आम का पना, नीबू का पानी एवं प्याज के रस का उपयोग करें । बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढक़कर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। अगर लू के लक्षण जैसे मितली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने जैसा लगे तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठन्डे वातावरण से गरम या गरम वातावरण से ठण्डे में अचानक न जाने की भी सलाह दी गई है

# दबोह में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारी हुई पूरी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**–स्वच्छ भारत-स्वस्थ्य भारत मिशन के अंतर्गत दबोह नगर में शनिवार को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारी पूर्ण हो चुकी है।इन तैयारियां को अंतिम रूप स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर के द्वारा दिया गया।यहां बता दें कि स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत दबोह नगर में स्वच्छता अभियान काफी जोर शोर से चलाया गया।इस दौरान नगर में जगह जगह डस्टबिन व सफाई व्यवस्था का काफी ख्याल रखा गया।स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर के नेतृत्व में सफाई व्यवस्था में नगर ने एक अलग ही छाप बनाई है।इस दौरान वार्ड नम्बर 08 करधेन रोड पर सब्जी मंडी पर बने सार्वजनिक शौचालय व वार्ड नम्बर 01 में बने सामुदायिक शौचालय को एक सुंदर रूप दिया गया।जिनकी दीवालो पर तरह तरह की चित्रकारी कर उन्हें निखारा गया है साथ ही दिवालो पर नेकी की दीवार,थैला बैंक आदि का भी चित्रण किया गया है।साथ ही दोनों जगहों पर पेड़ पौधों के गमले भी स्थापित किये गए हैं।वहीं नगर के नाले नालियों में भी लगातार सफाई की जा रही है।इसी तारम्भ में नगर में रोजाना सुबह व रात को सफाई कर्मचारियों के द्वारा झाड़ू भी लगाई जा रही है।



## स्वच्छता नोडल प्रभारी की कार्यशैली से महीनों से बंद पड़े शौचालय को मिला अलग ही रूप

नगर के वार्ड नम्बर 1 में लाखों रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ सामुदायिक शौचालय को बीते कुछ दिनों पहले ही शुरू किया गया।यहां बता दें कि लगभग 2 साल पहले बनकर तैयार हुआ शौचालय निर्माण होने के बाद से ही बन्द पड़ा था।जिसको स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर ने साफ सफाई करा कर एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर शुरू कराया।यहां बता दें कि जबसे स्वच्छता का जिम्मा वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा पूर्व सीएमओ एन आर खेंगर के कंधों पर दिया गया तबसे स्वच्छता अभियान कागजो में नही बल्कि धरातल पर दिखने लगा है।यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते रोज पहले कार्यपालन यंत्री महोदय ने भी दबोह का निरीक्षण किया था और सफाई को लेकर श्री खेंगर की तारीफ भी की थी।फिलहाल तो स्वच्छता अभियान सर्वेक्षण को लेकर स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर ने दबोह नगर की आमजनता से स्वच्छता के पहलू पर दबोह को नम्बर 01 लाने की अपील की है उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी व आम नागरिक स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सभी लोग गीला कचड़ा हरे डस्टबिन में व सूखा कचड़ा नीले डस्टबिन में ही डाले एवम सुबह नगर परिषद का कचड़ा वाहन आने के बाद कचड़ा आने के बाद कचड़ा उसी में फेंकें।इस दौरान स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर,उपयंत्री हरिप्रताप व अरुण तिवारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# मुरैना में खड़ी फसल में लगी आग-आग से आकाश में छाए काले बादल, दर्जनों बीघे फसल जलकर राख



**गौरब शर्मा पुष्पांजली टुडे**

मुरैना के रिठौरा क्षेत्र के सिलगिला गांव में रविवार की दोपहर आग लग गई। आग सूखी खड़ी फसल में लगी। आग ने इतना भयानक रुप ले लिया कि आसमान में काले बादल से छा गए। ग्रामीणों ने आग को बुझाने की बहुत कोशिश की लेकिन वे उस तक पहुंच ही नहीं सके। बाद में रिठौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने दमकल को बुलवायआ दमकल आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। बता दें, कि इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है जिसके कारण खेतों में खड़ी सूखी गेहूं व सरसों की फसल में आग पकड़ रही है। सिलगिला गांव में खड़ी फसल में लगी आग का भी यही मुख्य कारण बताया जा रहा है। आग लगने के बाद हवा चली जिससे आग भड़क गई। इतनी भड़की कि उसकी लपटें आसमान में छूने लगीं। किसानों ने आग पर काबू पाने की बहुत कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका

## मामाजी के भक्तों ने भजन संध्या में दिखाया उत्साह



**पांडाल में गूंजे मामाजी के जयकारे ...**

**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**

**रानी पाली** । पादरली तुर्कान स्थित मामाजी महाराज का भव्य मेला रविवार को धूमधाम के साथ आयोजित हुआ 7 वही रात्रि में एक शाम मामाजी महाराज के नाम पर भजन संध्या आयोजित हुई। जिसमें नरेंद्र रामावत म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले गायक कलाकार ओमप्रकाश जसोल, हेमलता वैष्णव जोधपुर, महेंद्र शर्मा, नृत्य कलाकार राजस्थान की जोड़ी नंबर वन हेमसिंह, धर्मेंद्रसिंह मध्य प्रदेश, खुशबू बंजारा, राजू माली सोजत रोड एडं पार्टी ने शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया7 भजन संध्या में रात भर मामाजी महाराज के मन्दिर में जगमगाती रोशनी के... जयकारों के साथ गूंजता पांडाल मामाजी महाराज के भजन संध्या में दिखा7

## यह भी रहे मौजूद

इस मौके पर सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत, सरपंच भंवरलाल सीरवी, छैलसिंह पादरली, हकीम खां पादरली, मोहनसिंह भाटी सेदरिया, संरक्षक हीरालाल तेली खिंवाडा, ठा.शहीद खान, मुकेश सिरवी, हमीराराम देवासी, समाजसेवी नरेंद्र सिंदरू, समाजसेवी मगाराम सीरवी किरवा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिनेश मेघवाल, ताराचंद खौड, सोनाराम देवासी, राणाराम कराडी, गेनाराम ठाकुरला, टेवाली उपसरपंच केवाराम, भोपाजी वीरारराम खौड, चेनाराम, कालूराम, रुपाराम पादरली समेत बड़ी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जयपुर में राजस्थान जीएसएस की प्रदेश स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई

**जितेंद्र सिंह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान** । जिसकी अध्यक्षता ओमजी राजोरिया, पूर्व अध्यक्ष जयपुर माली /सैनी समाज, मुख्य अतिथि कमल सिंह भारत सरकार लिगल अथोरिटी बोर्ड, विशिष्ट अतिथि दिलीप जी सैनी एडिशनल एसपी जयपुर डिस्कॉम,आलोक सैनी आर ए एस अमर चंद सैनी मंडी सैकेट्री,हरि प्रसाद सी आई विक्रम सिंह सांखला संयुक्त निदेशक आईटी, रामशरण सैनी पूर्व जिला माली महा सचिव जयपुर,चंद्र केतु ब्रोडकास्टिंग मंत्रालय,डा एम एल परिहार, संयुक्त निदेशक, मंजू सैनी पूर्व प्रधान, महेंद्र गहलोत युवा नेता, आदि राजस्थान के हर जिले से पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

सम्राट अशोक महान को नमन करते हुए जीएसएस के उत्थान, गांव के अंतिम छोर तक कैसे पहुंचे इस पर मंथन,




हमारे पूर्वजों महापुरुषों के इतिहास को नमी पीढ़ी तक पहुंचाने ,व फुले अम्बेडकर जयंती पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों में कल 10 अप्रैल से 16अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से मनाने की रूपरेखा, जिसमें कल 10अप्रैल को शाम के समय राजस्थान के हर हिस्से में घर पर कम से कम एक दीपक जलाने व 11अप्रैल को 195 जयन्ति पर पुष्पांजलि,प्रभात फेरी,ब्लड डोनेशन,छोटी छोटी गोष्ठीया आयोजित करना,इस तरह सप्ताह भर के कार्यक्रम चलेंगे।अंत में आदरणीय ओमजी राजोरिया साहब ने संबोधित करते हुए हर तरह का सहयोग देने की बात कही।आज के इस कार्यक्रम में खाने व यहा होल वगैरह की समस्त व्यस्था ओमजी राजोरिया साहब की तरह से उपलब्ध करवाने के लिए जीएसएस ने धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। अतिथियों को ज्योतिबा फूले द्वारा लिखित गुलामगिरी पुस्तक व एक एक डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया।

# भये प्रकट कृपाला से गुंजायमान हुआ रावतपुरा धाम

## 9 दिन चले नवसंवत्सर, समारोह का समापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**रावतपुरा (भिण्ड)**। अनन्त विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज ÷रावतपुरा सरकार के पावन सानिध्य में आज भगवान श्री राम का भव्य जन्मोत्सव आयोजित किया गया।मुख्य रामदरबार मन्दिर में भक्तों की अपार भीड़ के मध्य प्रभु जन्म की प्रतिकृति जन्मोत्सव को देखकर पूरा आश्रम परिसर जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा।भये प्रकट कृपाला की अनन्त आवर्ती उद्घोष से पूरा क्षेत्र हर्षित था। अनन्त विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज स्वयं इस भव्य जन्मोत्सव के साक्षी बने।महिलाओं ने पालने में सुशोभित अवधपति के बाल रूप को



अपने मंगल गीतों के साथ झुलाया।जन्मोत्सव के आनन्ददायक वातावरण में भक्तों की आत्मीय भागीदारी का सिलसिला दोपहर 12 बजे से देर रात्रि तक जारी रहा। इससे पूर्व श्रीराम अर्चन यज्ञ का समापन भी वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य सम्पन्न हुआ। पूर्णाहुति की समिधा से पूरा वातावरण सुगन्धित हो उठा था।भक्तों ने यज्ञ मंडप में ऋषिकुमारों से मंगल धागों के रूप में 9 दिन चले यज्ञ का सुरक्षा कवच अपनी कलाइयों पर बंधवाए। कोरोनॉ प्रतिबंध के चलते दो बर्ष तक सार्वजनिक आयोजन न होने के कारण इस खुले आयोजन को लेकर भक्तों में अलग ही उत्साह देखा जा सकता था।राम जन्मोत्सव में कलेक्टर ,पुलिस अधीक्षक समेत बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

**हजारों भक्तों ने पाई प्रसादी:** रामार्चन यज्ञ की समाप्ति के बाद आश्रम के अन्नक्षेत्र में विशाल भंडारा दोपहर 12 से आरम्भ होकर देर रात तक निर्बाध रूप से चलता रहा।हजारों की संख्या में लोगों ने इस भंडारे में प्रसादी का पुण्यलाभ अर्जित किया।भंडारे के लिए बूंदी,मालपुआ और सब्जियां इतनी बड़ी मात्रा में निर्मित की गई थी कि उनका भंडारण बड़ी बड़ी ट्रालियां में करना पड़ा।आश्रम में अध्ययनरत बटुकों ने भंडारे में आये भक्तों को प्रसादी वितरण का जिम्मा संभाल रखा था।इनके अलावा आश्रम क्षेत्र से सटे गांवों से भी बड़ी संख्या में आये स्वयंसेवक भंडारे की व्यवस्था में सहयोग करते नजर आए।इस भंडारे की खास बात यह भी थी कि भक्त और व्यवस्थापक समान रूप से स्वच्छता का विशेष अनुपालन कर रहे थे।

**एक लाख दीपों से जगमगाया आश्रम:** सूर्यास्त के तत्काल बाद आश्रम एक लाख दीपों के प्राकृतिक प्रकाश से जगमगा उठा।स्वयं अनन्त विभूषित महाराज ने दीप प्रज्वलित कर इस दीप पर्व का शुभारंभ किया।मुख्य हनुमानजी मन्दिर के अलावा श्री राम दरबार, पुष्कर सरोवर,शिव प्रतिमा समेत आश्रम के कोने कोने में प्रज्वलित दीप अंधेरे को अपनी अपरिमित प्रकाश शक्ति से परास्त करते नजर आए।

# जगदंबा माताजी के मेले में उमड़ा आस्था का ज्वार



**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**

**रानी पाली।** चांगवा गांव स्थित जगदंबा माताजी का भव्य मेला बड़े धूमधाम से भरा गया 7 रात्रि में एक शाम जगदम्बा माताजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन भजन कलाकार गजेंद्र राव एंड पार्टी जोधपुर तथा राहुल राजस्थानी व रमेश चौधरी समेत नृत्य कलाकारों ने जमकर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया7 कार्यक्रम के दौरान विशाल वरघोड़ा निकाला गया। मेले में श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी का लाभ लिया7 वही माताजी के दरबार दर्शनार्थियों का रैला उमड़ा7 जहां मत्था टेक भक्तों ने खुशहाली की कामना की।

**यह रहे मोजुद:** इस मौके पर विधायक जोराराम कुमावत, समाजसेवी गिरधारीसिंह बोला गुडा, पूर्व प्रधान पाबुसिंह राणावत, भोपाजी उगमाराम, भोपाजी भीखाराम देवासी, रविंद्रसिंह मेड़तिया खौड, मुकेश सीरवी, विजयसिंह जोधा, समाजसेवी दोलाराम सीरवी, शिवलाल देवासी, मांगीलाल देवासी, पर्बतसिंह जोधा, इंदरसिंह जैतावत,लछाराम घांची चांगवा, श्रवण व्यास, सुराराम घांची, मांगीलाल चौधरी, उमेदराम बोस, खीमाराम गर्ग, राजाराम राणा, खीमाराम चौधरी,फुसाराम वरपा, लालाराम प्रजापत, मिश्रीलाल घांची, विजयसिंह जोधा, शेषाराम घांची, इंदाराम राठौड़, दीपाराम देवासी, उदयराज बोस,रुपेश चौधरी समेत बड़ी संख्या मे श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं के द्वारा माता रानी के दरबार में झडे चुनरी पुडी हलुआ के साथ नवरात्रि के दिनो का समापन हुआ



**अरुण खंगार पुष्पांजली टुडे**

**पोहरी** । ग्राम सोनीपुरा के श्रद्धालुओं के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता रानी के दरबार मे माता रानी के दरबार तक नाचते गाते झूमते हुए श्रद्धालुओं ने पैदल यात्रा की एवं जयकारा भी लगाए गए और काली मता मंदिर पर झंडा चुंनरी का समापन किया एवं प्रसाद के रूप में पूडी हलवा के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया इसमें सभी सभी वर्गो के लोग उपस्थित रहे बुजुर्ग युवा महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं युवाओं ने जोर-शोर के नारे भी लगाए एवं सभी समाज के बंधु उपस्थित रहे।

## गरीबों के हमदर्द, हमेशा साथ देने वाले मोहन सिंह राठौर ने लिया फसल नुकसान का जायजा



**महेंद्र शर्मा , रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**ग्वालियर।** आज दिनांक 10 दोपहर 02 बजे वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बीजेएस सयोजक श्री मोहन सिंह राठौर जी विधानसभा भितरवार के ग्राम भदेश्वर, दौलतपुर, सिरसुला में खड़ी फसल में आग लगने से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे तभी ग्राम घरसोंधी के किसानों द्वारा श्री मोहन सिंह राठौर जी को आग लगने की सूचना दी गई तत्काल श्री मोहन सिंह राठौर जी अपने सभी साथियों के साथ घरसोंधी पहुंचकर तत्काल कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम एवं ग्वालियर नगर निगम अधिकारियों से संपर्क कर 5 फायर ब्रिगेड गाड़ी मंगा कर आग बुझाने की पूरी व्यवस्था संभाली एवं जब तक आग पर काबू नहीं पाया गया तब तक किसानों भाईयो के साथ उनकी मुश्किलों में खड़े रहे, गेहूँ की फसल में आग लगने से हुए नुकसान का जायजा लिया एवं किसान भाइयों से चर्चा कर आश्वासन दिलाया कि हम इस संकट की घड़ी में आपके साथ खड़े है शासन/प्रशासन स्तर से हरसंभव मदद की जाएगी। साथ ही आग से नष्ट हुई फसल के मुहावजे के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## आगनबाड़ी सुबह 8 से साढ़े 11 तक लगेगी

**भोपाल।** कलेक्टर अविनाश लवानिया ने ग्रीष्मकाल में अत्यधिक तापमान के दृष्टिगत आगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय प्रातः 8 बजे से प्रातः साढ़े 11 बजे तक किये जाने के आदेश जारी किए है। आदेश में कहा गया है कि आगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका केन्द्र की गतिविधियों का संचालन सुबह 8 से अपरान्ह 3 बजे तक उपस्थित रह कर कार्य संपादित करेंगे।

# तिदुनहाई माध्यमिक शाला का हेड मास्टर अधिकारियों के आदेश की अवहेलना कर चला रहा गुंडा राज

## 20 दिनों से लगातार भटक रहा शिक्षक मानसिक प्रताड़ना का हुआ शिकार

मामला गुनौर विकासखंड शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला तिदुनहाई का है जहां पर पदस्थ हेड मास्टर फुंदर लाल दहायत की गुंडागर्दी चरम पर है। शिक्षक राजेंद्र प्रताप सिंह का स्थान्नतरण नीति के तहत ट्रांसफर गत वर्ष इमलिया मल्लजू से तिदुनहाई शाला में हुआ था उस दौरान जब शिक्षक राजेंद्र प्रताप सिंह शाला ज्वाइन करने पहुंचे तो एकीकृत हो चुके शाला परिषर के हेड मास्टर फुंदर लाल दहायत द्वारा अभद्रता करते हुए ज्वाइन करने से मना कर दिया गया उस दौरान तात्कालिक विकाश खंड शिक्षा अधिकारी स्व. विजय सिंह ने स्वयं शाला जाकर बाद- विवादों के बीच ज्वाइन करवाया साथ ही हेड मास्टर के अभद्र व्यवहार को देखते हुए राजेंद्र सिंह जी को गुनौर अटैच कर लिया गया।लेकिन एक वर्ष बाद शैक्षणिक सत्र खत्म होने पर नियमानुसार संकुल प्राचार्य द्वारा मुक्त कर पदांकित शाला में ज्वाइन करने हेतु निर्देशित किया गया लेकिन 22 मार्च से 8 अप्रैल 2022 तक लगातार शिक्षक राजेंद्र प्रताप सिंह तिदुनहाई शाला जाते रहे पर विद्यालय में हेड मास्टर नही मिले न कोई प्रभारी न ही उपस्थिति पंजी जिससे शिक्षक की ज्वाइनिंग समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण समस्त ग्रामवासी दे चुके हैं जबकि इस संबंध में जब शिक्षक द्वारा विकास खंड शिक्षा अधिकारी और संकुल प्राचार्य को शिकायती आवेदन दिया गया जिस पर अधिकारियों द्वारा शिक्षक की ज्वाइनिंग संबधी नोटिस जारी करने के बावजूद तानाशाह हेड मास्टर द्वारा ज्वाइनिंग नही कराई गई। पत्रकारों ने जब इस संबंध में फोन पर हेड मास्टर से जानकारी चाही तो साफ तौर पर हेड मास्टर ने ज्वाइनिंग कराने से मना करते हुए खुले आम गुंडाराज चलाने की बात कही हेड मास्टर तिदुनहाई का गुंडागर्दी वाला ऑडियो पूरे शिक्षा जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है। हठधर्मिता पर उतारू हेड मास्टर पर उच्चाधिकारियों द्वारा आज तक कार्यवाही न करने पर शिक्षा जगत में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।




## सुलगते सवाल

1 जब हेड मास्टर अवकाश या अन्यत्र स्थान पर परीक्षा ड्यूटी पर थे तो किसी को प्रभारी क्यों नहीं बनाया?

2 हेड मास्टर के खिलाफ जन शिक्षा केंद्र प्रभारी श्यामरडाडा द्वारा अभद्रता करने संबंधी पत्राचार बी ई ओ गुनौर से किया गया तो कदाचरण पर कार्यवाही क्यों नहीं की गई?

3 संकुल प्राचार्य,बी ई ओ और जन शिक्षा केंद्र प्रभारी के नोटिस पर अमल न करने वाले हेड मास्टर पर जिला प्रशासन इतना मेहरबान क्यों?

4 खुले आम गुंडागर्दी और ज्वाइनिंग न कराने की धमकी देने वाले पर अभी भी कृपा क्यों?

5 लगातार 20 दिनों से भटक रहे शिक्षक की मानसिक प्रताड़ना के लिए जिम्मेदार कौन?

6 जो हेड मास्टर ज्वाइनिंग में तानाशाही दिखा रहा है तो क्या ज्वाइनिंग के बाद शिक्षक को प्रताड़ित करने के नए हथकंडे नही अपनाए जायेंगे?

7 कर्मचारी हितैषी संगठन आखिर 20 दिन से हलाकान शिक्षक की वेदना पर चुप क्यों है?

## इनका क्या कहना है

लगातार नोटिस जारी करने और निर्देश देने के बाद भी शिक्षक को ज्वाइन नही कराना और उसे मानसिक प्रताड़ित करना गलत है।प्रधानाध्यापक तिदुनहाई द्वारा शासकीय आदेशों की अवहेलना और पत्रकारों से गलतबयानी अक्षम्य कृत्य है मैं जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में इनके निलंबन हेतु लेख करूंगा।

**रामकुमार प्रजापति**
**विकास खंड शिक्षा अधिकारी गुनौर**

राजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्राप्त शिकायती आवेदन के आधार पर प्रधानाध्यापक तिदुनहाई को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा गया है और उच्चाधिकारियों को इस संबंध में अवगत करा दिया गया है बी ई ओ महोदय ने इस पर कार्यवाही की बात भी कही है।

**सौमित्र मिश्रा**
**प्रभारी संकुल प्राचार्य**
**उत्कृष्ट विद्यालय गुनौर**

राजेंद्र जी की ज्वाइनिंग को लेकर प्रधानाध्यापक तिदुनहाई का को रुख है वो गलत ,अभद्र और नियमविरुद्ध है इस संबंध में मेरे द्वारा बी ई ओ गुनौर महोदय एवं संकुल प्राचार्य को अनुसासनहीनता और कदाचरण के अंतर्गत कार्यवाही हेतु लेख किया गया है।राजेंद्र जी द्वारा पूरे नियमानुसार उपस्थिति के पूरे प्रयास किए गए है और जहां तक पत्रकारों से जो उन्होंने कहा वो एक गलत बयानी है जिस पर उच्चाधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करनी ही चाहिए

**आर बी माझी**
**प्राचार्य एवम जन शिक्षा केंद्र प्रभारी**
**स्यामरडाडा**

मैं राजेंद्र प्रताप सिंह को ज्वाइन नही कराऊंगा,मेरे अधिकारी मुझसे बात करें पत्रकार कौन होता है जानकारी लेने वाला आपको जो छापना हो छाप दो यहां मेरा गुंडा राज चलता है।

**फुन्दर लाल दहायत**
**प्रधानाध्यापक**
**माध्यमिक शाला तिदुनहाई**

मैं एक छोटा कर्मचारी हूं तो मुझे प्रधानाध्यापक जी तिदुनहाई द्वारा दुर्भावनावस 20 दिनों से भटकाया जा रहा है। मैं मानसिक रूप से काफी परेशान हो चुका हूं प्रधानाध्यापक जी की वजह से आज मेरी ज्वाइनिंग कही नही है मैने अपने उच्चाधिकारियों से पत्राचार कर मुझे न्याय दिलाने और प्रधानाध्यापक जी पर कार्यवाही का निवेदन किया है

**राजेंद्र प्रताप सिंह**
**प्राथमिक शिक्षक**

# 'भये प्रकट कृपाला' से गुंजायमान हुआ रावतपुरा धाम





## एक लाख दीपों से जगमगा उठा पूरा परिक्षेत्र

## 9 दिन चले नवसंवत्सर, समारोह का समापन

**रावतपुरा/लहार/भिंड/ग्वालियर।** अनन्त विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज ÷रावतपुरा सरकार÷ के पावन सानिध्य में आज भगवान श्री राम का भव्य जन्मोत्सव आयोजित किया गया।मुख्य रामदरबार मन्दिर में भक्तों की अपार भी? के मध्य प्रभु जन्म की प्रतिकृति जन्मोत्सव को देखकर पूरा आश्रम परिसर जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा।भये प्रकट कृपाला की अनन्त आवर्ती उद्घोष से पूरा क्षेत्र हर्षित था।

अनन्त विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज स्वयं इस भव्य जन्मोत्सव के साक्षी बने।महिलाओं ने पालने में सुशोभित अवधपति के बाल रूप को अपने मंगल गीतों के साथ झुलाया।जन्मोत्सव के आनन्ददायक वातावरण में भक्तों की आत्मीय भागीदारी का सिलसिला दोपहर 12 बजे से देर रात्रि तक जारी रहा।

इससे पूर्व श्रीराम अर्चन यज्ञ का समापन भी वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य सम्पन्न हुआ। पूर्णाहुति की समिधा से पूरा वातावरण सुगन्धित हो उठा था।भक्तों ने यज्ञ मंडप में ऋषिकुमारों से मंगल धागों के रूप में 9 दिन चले यज्ञ का सुरक्षा कवच अपनी कलाइयों पर बंधवाए। कोरोनॉ प्रतिबंध के चलते दो बर्ष तक सार्वजनिक आयोजन न होने के कारण इस खुले आयोजन को लेकर भक्तों में अलग ही उत्साह देखा जा सकता था।राम जन्मोत्सव में कलेक्टर ,पुलिस अधीक्षक समेत बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

### हजारों भक्तों ने पाई प्रसादी

रामार्चन यज्ञ की समाप्ति के बाद आश्रम के अन्नक्षेत्र में विशाल भंडारा दोपहर 12 से आरम्भ होकर देर रात तक निर्बाध रूप से चलता रहा।हजारों की संख्या में लोगों ने इस भंडारे में प्रसादी का पुण्यलाभ अर्जित किया।भंडारे के लिए बूंदी,मालपुआ और सब्जियां इतनी बड़ी मात्रा में निर्मित की गई थी कि उनका भंडारण बड़ी बड़ी ट्रालियां में करना पड़ा।आश्रम में अध्ययनरत बटुकों ने भंडारे में आये भक्तों को प्रसादी वितरण का जिम्मा संभाल रखा था।इनके अलावा आश्रम क्षेत्र से सटे गांवों से भी बड़ी संख्या में आये स्वयंसेवक भंडारे की व्यवस्था में सहयोग करते नजर आए।इस भंडारे की खास बात यह भी थी कि भक्त और व्यवस्थापक समान रूप से स्वच्छता का विशेष अनुपालन कर रहे थे।

### एक लाख दीपों से जगमगाया आश्रम

सूर्यास्त के तत्काल बाद आश्रम एक लाख दीपों के प्राकृतिक प्रकाश से जगमगा उठा।स्वयं अनन्त विभूषित महाराज ने दीप प्रज्वलित कर इस दीप पर्व का शुभारंभ किया।मुख्य हनुमानजी मन्दिर के अलावा श्री राम दरबार, पुष्कर सरोवर,शिव प्रतिमा समेत आश्रम के कोने कोने में प्रज्वलित दीप अंधेरे को अपनी अपरिमित प्रकाश शक्ति से परास्त करते नजर आए।दीवाली की तरह जगमग आश्रम परिक्षेत्र में एक अलग ही छटा के दर्शन इस दीप पर्व से निर्मित नजर आया।भक्तों ने प्रभु राम के जन्मोत्सव से जुड़े मंगल गीत गाये।रामचरितमानस की चौपाइयों से सामूहिक स्वर इस आयोजन को राममयी बनाने वाले थे।

# रामजानकी मंदिर बिरला नगर में भी मनाया गया रामजन्मोत्सव, 501 दियों से रोशन हुआ रामदरबार



हिन्दुस्तान समाज, ग्वालियर। बिरला नगर स्थित राम जानकी मंदिर में आज राम जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें भक्तों द्वारा राम दरबार और मंदिर को सजाया गया। शाम को प्रभु श्री राम को 501 दिये जलाकर आरती की गई और केक काटकर प्रभु श्री राम का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के लोग और रामजानकी आश्रम के महंत श्री मस्तराम बाबा (पैंट वाले बाबा) सहित मंदिर के कई श्रद्धालु और भक्तगण भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अपर आयुक्त श्री गुप्ता ने मनुभावन प्रदर्शनी में सभी प्रतिभागियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर के अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता ने आज रविवार को कला वीथिका पड़ाव पर राजा मानसिंह कला महाविद्यालय के द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी *मनुभावन 2022* की *एंडिंग सेरेमनी* में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होकर सभी सहभागी कलाकारों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई एवं स्वच्छता एप डाउनलोड करा कर फीडबैक दर्ज कराया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

### सकल जैन समाज ने दों जैन संतो का भव्य मंगल प्रवेश कराया

### मुनिश्र की उर्जा मंत्री ने की भव्य अगवानी, मंगल प्रवेश गूँजे गुरु के जयकारें

### जैन समाज व संस्था के लोगो ने जगह जगह मुनिराजों के पदप्रक्षालन किया।

ग्वालियर। जैन धर्म के चौंबीसवें (24 वें) तीर्थंकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक मनाने के लिए आज रविवार को श्री महावीर जंयती महोत्सव समिति, अखिल जैन समाज वृहत्तर ग्वालियर की ओर से मध्यप्रदेश शासन राजकीय अतिथि मेडिटेशन गुरु मुनिश्री विहसंत सागर महाराज एवं मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज ससंघ भव्य मंगल प्रवेश शोभायात्रा फूलबाग स्थित जैन सिध्दक्षेत्र गोपालचल पर्वत से गाजेबाजे के साथ निकाली गई। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन राजकीय अतिथि मेडिटेशन गुरु मुनिश्री विहसंत सागर महाराज एवं मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज ससंघ की आगवानी केबिनेट ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर ने फूलबाग चोराहे पर भव्य आगवानी कर गोपाचल पर्वत तक पैदल चलकर मुनिराजों के चरणों का जल से पदाप्रच्छलन किया।

# थाना गोले के मंदिर पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर/नकबजन को लगभग सात लाख पचास हजार रूपये के चोरी के वाहन व सोने-चाँदी के जेवरात सहित किया गिरफ्तार

- शातिर चोर से सोने-चाँदी के जेवरात एवं तीन चोरी की मोटर सायकिल बरामद।
- थाना गोला का मंदिर के कुल 8 अपराधों में लगभग 07 लाख रूपये का मशरूका किया बरामद। पक? गये आरोपी से चोरी की 10 घटनाओं का हुआ खुलासा।
- पक? गये शातिर आरोपी के विरूद्ध पूर्व से ही 32 अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।



ग्वालियर। ग्वालियर शहर में हो रहीं चोरियों (नकबजनी) की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा नकबजनों को पकड़े हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांधी,भापुसे के निर्देश पर पुलिस द्वारा टीम बनाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश दंडोतिया के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री रत्नेश तोमर के मार्गदर्शन में थाना गोला का मंदिर क्षेत्र में हो रही चोरियों को रोकने हेतु पुलिस की एक टीम थाना प्रभारी गोले का मन्दिर निरीक्षक विनय शर्मा के नेतृत्व में गठित की गई। दिनांक 03.04.2022 को थाना क्षेत्र से एक जियो कंपनी का मोबाइल चोरी हुआ था जिसकी पतारसी करते हुए एक आरोपी को पकड़ा एवं उससे हिकमत अमली से पूछताछ करने पर चोरी गया उक्त मोबाइल बरामद किया गया। पकड़े गये आरोपी से गहनता से पूछताछ करने पर उसके द्वारा थाना गोला का मंदिर के अपराध क्रमांक 190/22 धारा 379 भादवि में चोरी गई मोटर मोटरसाइकिल सहित थाना मुरार से अप0क्र0182/22 में चोरी की गई मोटर सायकल तथा एक अन्य मोटर सायकल जो मुरैना से चोरी की गई थी, पुलिस टीम द्वारा आरोपी की निशादेही पर बरामद की गई। गिरफ्तारशुदा आरोपी से पुलिस टीम द्वारा बारीकी से पूछताछ करने पर थाना गोला का मंदिर की कुल 8 चोरी की घटनाओं सहित 10 घटनाओं का खुलासा हुआ जिसमें चोरी गया मशरूका एक एलईडी, एक मोबाईल एवं सोने-चांदी के जेवरात उसके द्वारा चोरी करना स्वीकार किया। टीम द्वारा आरोपी की निशादेही थाना गोला का मंदिर के कुल 8 अपराधों में लगभग 07 लाख रूपये का मशरूका जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में थाना बहोडापुर में 09 अपराध, थाना माधोगंज में 03 अपराध, थाना पुरानी छावनी में 06 अपराध, थाना हजीरा में 01 अपराध, थाना जनकगंज में 01 अपराध, थाना ग्वालियर में 02 तथा मुरार का 01 एंव जिला मुरैना में 01 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है इस प्रकार आरोपी के खिलाफ पूर्व से ही 32 अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपी से ग्वालियर जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में की गई चोरी के संबंध में बारीकी से पूछताछ की जा रही है ।

**आरोपी से बरामद मशरूकाः** 03 चोरी की मोटर साइकल, 01 मोबाइल विवो कंपनी, 01-एलईडी, एक लैपटाप, सोने-चाँदी के जेवरात कुल कीमती-750000/-(सात लाख पचास हजार रूपये )

**सराहनीय भूमिकाः** उक्त आरोपी को पकड़कर चोरी का मशरूका बरामद करने में थाना प्रभारी गोले का मन्दिर निरी. विनय शर्मा, उपनिरीक्षक बृजमोहन शर्मा, शिवेंद्र कुमार, आर.पी. गौतम सउनि महेंद्र भदोरिया, रणवीर सिकरवार, आर.एल. मोर्य, प्रधान आरक्षक दिलीप गोयल, शिवकुमार, महावीर महाना तथा आरक्षक शशिकांत शर्मा, गिर्राज चंदेले, भानु सिकरवार, सत्येन्द्र सिंह राजावत, महेंद्र शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

# मंदिर, मॉल एवं बाजारों में जाकर निगम कर्मी दर्ज करा रहे हैं शहरवासियों का सिटीजन फीडबैक, नागरिक सिटीजनफीडबैक देकर करें स्वच्छता में सहयोग : निगमायुक्त



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आमजनों से स्वच्छता का सिटीजन फीड बैक देने के लिये आग्रह करते हुए कहा कि इस बार हम स्वच्छता में प्रथम स्थान पर आ सकते हैं। इसके लिये सभी शहरवासियों का सहयोग जरूरी है। वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 चल रहा है तथा स्थलों के निरीक्षण के साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से भी सभी शहरां के नागरिकों से ऑनलाइन सिटीजन फीडबैक भी लिया जा रहा है जो कि स्वच्छता की उच्च रैंकिंग निर्धारित करने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। वर्तमान में नगर निगम ग्वालियर स्वच्छता सिटीजन फीडबैक में मध्य प्रदेश में दूसरे नम्बर पर है तथा इसे प्रदेश के साथ ही देश में नम्बर 1 बनाने के लिए शहरवासियों के सहयोग की आवश्यता है, यदि शहर के नागरिक अपना सिटीजन फीडबैक देकर छोटा से सहयोग करेगें तो हमारा ग्वालियर स्वच्छता रैंकिग में उंची छलांग लगाएगा। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के अमले द्वारा पूरी मेहनत व प्रयास के साथ ग्वालियर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसमें शहर के नागरिकों का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है। अब स्वच्छता सिटीजन फीडबैक भी इसी सर्वेक्षण का एक महत्वपूर्ण घटक है सभी शहरवासी वोट फॉर योर सिटी मोबाइल एप्प के माध्यम से अपने शहर का स्वच्छता फीडबैक देकर शहर को नम्बर 1 बनाने में सहयोग प्रदान करें। निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि सभी नागरिक सर्वेक्षण टीम को भी अपना सकारात्मक फीडबैक देकर स्वच्छता में सहभागी बनें।

# सिद्ध पीठ श्री कैलादेवी मंदिर महल गांव में मना रामजन्मोत्सव





ग्वालियर सिद्ध पीठ श्री कैला देवी मंदिर महल गांव श्री प्राचीन राम दरबार मंदिर पर रामनवमी के पावन पर्व पर जन्म उत्सव मनाते एवं श्री राम जी की महा आरती करते हुए श्री कैला देवी मंदिर महलगांव के पीठाधीश्वर महंत दिलीप महाराज एवं वरिष्ठ समाजसेवी संजय शर्मा एवं गिर्राज शर्मा

जय श्री राम। चैत्र नवरात्रि श्री राम नवमी के पावन पर्व पर विशाल भंडारे का उद्घाटन करते श्री कैला देवी मंदिर महल गांव सिटी सेंटर ग्वालियर मध्य प्रदेश के पीठाधीश्वर महंत दिलीप महाराज एवं वरिष्ठ समाजसेवी संजय शर्मा एवं गिर्राज शर्मा ।जय करौली मां। जय श्री राम।




# सड़क निर्माण के लिए विधायक डॉ .सिकरवार ने किया भूमिपूजन



ग्वालियर। विधायक डॉ सतीश सिकरवार ने आज फूलबाग स्तिथ मोती मस्जिद, से होते हुऐ अम्बेडकर पार्क से लेकर जल विहार तक राशि रूपये 20 लाख से निर्मित होने वाली डामरीकरण रोड का भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विकास कार्य निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। लंबे समय से इस सड़क मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की जा रही थी। इस मांर्ग पर लोगों की बड़ी संख्या में आवाजाही रहती है। मौजूद लोगों ने विधायक श्री सिकरवार का पुष्पहार पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक के साथ नगर निगम सी.सी.ई.ओ महेंद्र अग्रवाल, आशीष राजपूत, सतीश यादव, कमलेश इंदौरिया, भूरा शर्मा, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव, अवधेश कौरव, अंकित कट्ठल, प्रमोद खरे आदि कर्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार है किसानों की हितैषी , किसानों के हित में किए जा रहे हैं सतत कार्य : शैजवलकर



### किसान मोर्चा ने जैविक खेती करने वाले किसानों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

ग्वालियर । भाजपा सरकार है किसानों की हितैषी , किसानों के हित में किए जा रहे हैं सतत कार्य । किसानों की आय को दोगुनी व उनकी उपज को अधिक मूल्य मिले इसके लिए प्रत्येक खेत को सिंचित करने के लिए नहरों का जाल , 10 घंटे बिजली सप्लाई , गांव व खेत को नगर व मंडी से जोड़ने के लिए सड़क निर्माण सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य भाजपा सरकार ने किये है । साथ ही योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है । यह बात ग्वालियर सांसद श्री विवेक शेजवलकर ने ग्वालियर नगर में हुए भाजपा किसान मोर्चे के किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में किसानों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है । किसानों के लिए प्रतिवर्ष किसान प्रोत्साहन सम्मान राशि के साथ उनकी उपज का समर्थन मूल्य व शून्य प्रतिशत मूल्य पर किसान ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को जैविक खेती का रुख करना पड़ेगा । भले ही एक या आधे एकड़ जैविक खेती की जाये, रासायनिक खाद से बीमारियों का अंबार आ गया है इसलिए रसायन मुक्त खेती करना चाहिए ।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478